
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443



वर्ष- 15 अंक - 187 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 21 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### रुगंटा कॉलेज के शिक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** रामनगर शकुंतला विद्यालय के पास शनिवार आधीरात के बाद एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक रुंगटा कॉलेज में शिक्षक की नौकरी करता था। रविवार की सुबह घर वालों ने युवक को फांसी पर लटके देखा तो सभी के होश उड़ गए। आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल युवक के शव को सुपेला शास्त्री अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम मनीष शर्मा (32) था। मनीष शर्मा रुंगटा कॉलेज में बच्चों को पढ़ाने के साथ ही मंदिरों व पूजा पंडालों में पूजा विधान भी संपन्न कराता था। शनिवार रात को घर पर खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। इसके बाद सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो घर वालों ने जाकर देखा। युवक फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद आसपास के लोग जमा हुए। सूचना मिलने पर स्थानीय पार्षद रामानंद मौर्या व पुलिस भी पहुंच गई। मृतक मनीष शर्मा के शव को उतार कर पीएम के लिए भेजा गया। फ्लिहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है। वहीं बताया जा रहा है कि मनीष पिछले कुछ दिनों ने डिप्रेशन में था।

### नक्सलियों ने किआ 25 अप्रैल को बंद का आह्वान

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने वोटिंग के एक दिन पहले यानी 25 अप्रैल को 3 जिले बंद करने का आह्वान किया है। दरअसल, 16 अप्रैल को कांकेर जिले में मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 29 नक्सली मारे गए थे, जिसमें 15 महिलाएं शामिल थीं। इससे नाराज नक्सलियों ने इन मौतों का जिम्मेदार बीजेपी सरकार को बताया है। साथ ही उन्होंने बीजेपी के नेताओं की जन अदालत लगाकर सजा देने की बात कही। नक्सलियों ने 25 अप्रैल को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कांकेर और नारायणपुर जिला बंद करने का ऐलान किया है। इन जिलों में नक्सलियों ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों, यात्री बसों को नहीं चलाने की धमकी दी। हालांकि, एंबुलेंस और स्कूली बच्चों के वाहन चलाने पर रोक नहीं लगाई है। बता दें कि 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा में वोटिंग होनी है। इसे लेकर नक्सलियों की उत्तर सब जोनल ब्यूरो की प्रवक्ता मंगली ने प्रेस नोट भी जारी किया है।

### फिर एक नक्सली ढेर, भैरमगढ़ इलाके में एनकाउंटर, हथियार व विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** लोकसभा चुनाव के बीच छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर सुरक्षाबल हावी होता जा रहा है। लगातार मुठभेड़ की खबरें सामने आ रही है। इस बीच रविवार को बीजापुर से बड़ी खबर आ रही है। यहां के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है, जिसका शव भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से हथियार समेत विस्फोटक सामान बरामद कर लिया है। मुठभेड़ खत्म हो गई है। बता दें दो दिन पहले ही बस्तर में मतदान संपन्न हुए हैं। बस्तर में इस बार रिकार्ड मतदान हुआ और इस बीच नक्सली मुवमेंट भी बढ़ा। मतदान के पहले 16 अप्रैल को सुरक्षाबलों ने 29 नक्सिलयों को ढेर किया। मतदान खत्म होने के बाद रविवार को फिर एक एनकाउंटर हुआ। मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ केशकुतुल इलाके में सर्चिंग के लिए निकले जवानों पर पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग कर दी।

# इस बार उलटफेर कर पाएगी कांग्रेस?

## पिछड़ा वर्ग बहुल क्षेत्र में एसटी मतदाता तय करते हैं प्रत्याशी की जीत-हार

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**जांजगीर चांपा।** पिछले विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की सभी सीटें जीतने वाली कांग्रेस क्या इस लोकसभा चुनाव में उस जीत को बरकरार रख पाएगी? सवाल इसलिए भी है क्योंकि छत्तीसगढ़ की ज्यादातर सीटों की तरह जांजगीर चांपा सीट भी भाजपा का गढ़ बन चुकी है। राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान पूरे शबाब पर है। भाजपा ने यहां से नई प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को दूसरी बार यहां से उतारा है। इस सीट को लेकर कांग्रेस बेहद आशान्वित है। हालांकि चुनाव प्रचार में पार्टी राहुल गांधी की गारंटी के रूप में महालक्ष्मी न्याय योजना पर ज्यादा भरोसा जता रही है। भाजपा भी मोदी की गारंटी और उनके चेहरे पर चुनाव लड़ रही है।

जैसे-जैसे चुनाव की तिथि करीब आ रही है, जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में प्रचार जोर पकड़ने लगा है। इस लोकसभा क्षेत्र की सभी आठ विधानसभाओं में कांग्रेस की जीत हुई। क्षेत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं की संख्या 25 प्रतिशत है, जबकि अनुसूचित जनजाति के वोटर 11.6 प्रतिशत हैं। यही मतदाता चुनाव में निर्णायक साबित हो सकते हैं। यहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या एक प्रतिशत, ईसाई मतदाता 0.18, जैन 0.06 प्रतिशत हैं। पिछड़ा वर्ग के मतदाता 42 प्रतिशत से अधिक है। जबकि सामान्य वर्ग के मतदाता लगभग सात प्रतिशत है। यहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान है। चुनाव प्रचार के बीच दल-बदल का सिलसिला भी जारी है। लोकसभा के प्राय: हर विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े कांग्रेसी पार्टी छोड़कर भाजपा में आ गए हैं। इनमें जांजगीर-चांपा विधानसभा से कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महासचिव इंजी रवि पांडेय, कांग्रेस के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, सहित कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए हैं। ना केवल ये कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर भाजपा में गए हैं, बल्कि उनके साथ चुनाव प्रचार में भी जा रहे हैं।

वर्ष 2004 से यह लोकसभा सीट लगातार भाजपा के खाते में है। इसके पूर्व इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा था, मगर बीस साल से इस सीट को कांग्रेस, भाजपा से नहीं छिन पाई है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने यहां रवि परसराम भारद्वाज और भाजपा ने गुहाराम अजगल्ले को उम्मीदवार बनाया था। इसमें गुहाराम अजगल्ले को पांच लाख 72 हजार 790 वोट मिले थे। जबकि, रवि परसराम भारद्वाज को चार लाख 89 हजार 735 वोट मिले थे। इस तरह 83 हजार 255 वोटों से भाजपा प्रत्याशी विजयी रहे। इस बार विधानसभा चुनाव में लोकसभा की सभी आठ विधानसभाओं में कांग्रेस की जीत हुई। बसपा यहां एक भी सीट नहीं जीत सकी। जबकि लंबे समय से पामगढ़, जैजैपुर और चंद्रपुर विधानसभा बसपा का प्रभाव वाला क्षेत्र था।




### जूदेव ने खोला था भाजपा का खाता

जांजगीर-चांपा लोकसभा में 1984 में पहली बार भाजपा ने इस सीट पर अपना पैर जमाना शुरू किया। इससे पहले भारतीय जनसंघ के रूप में पार्टी पांच बार दूसरे स्थान पर रही। भाजपा के कद्दावर नेता दिलीप सिंह जूदेव ने पहली बार 1989 में पार्टी का खाता खोला और कांग्रेस के प्रभात मिश्रा को हराया। अगली बार 1991 में कांग्रेस पार्टी के भवानी लाल वर्मा ने दिलीप सिंह जूदेव को हरा दिया। हालांकि 1996 में मनहरण लाल पांडेय और 2004 में करुणा शुक्ला ने पार्टी को जीत दिलाई। तब से लगातार यह सीट भाजपा के खाते में हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस का वोट शेयर 39.06 फीसदी था। जबकि बीजेपी का वोट शेयर 46.03 फीसदी था। बसपा को भी 10.06 प्रतिशत वोट मिले थे। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर इस लोकसभा में 45.09 प्रतिशत था। जबकि बीजेपी का वोट शेयर 35.06 प्रतिशत था। बसपा 10.07 प्रतिशत में सिमट गई। जबकि वर्ष 2018 के विधानसभा में उसे 25.01 फीसदी वोट मिले थे। इस तरह बसपा का जनाधार विधानसभा चुनाव में पिछले विधानसभा की अपेक्षा कम हुआ है।

### इन क्षेत्रों में है महिलाओं की बहुलता

लोकसभा में 20 लाख 52 हजार मतदाता हैं। इनमें चंद्रपुर और बिलाईगढ़ विधानसभा में महिला वोटरों की संख्या अधिक है। चंद्रपुर में 1 लाख 17 हजार 599 पुरुष और 1 लाख 19 हजार 803 महिला मतदाता हैं। इसी तरह बिलाईगढ़ विधानसभा में 1 लाख 53 हजार 99 पुरुष और 1 लाख 53 हजार 579 महिला मतदाता हैं। जबकि कसडोल विधानसभा में महिला और पुरुष मतदाताओं में मात्र 58 का अंतर है। यहां 58 पुरुष मतदाता अधिक हैं। जांजगीर चांपा लोकसभा में सर्वाधिक मतदाता कसडोल विधानसभा में है। यहां तीन लाख 68 हजार 136 मतदाता हैं। इनमें पुरुष मतदाता एक लाख 84 हजार 96 और महिला मतदाता एक लाख 84 हजार 38 है। जबकि सबसे कम मतदाता सक्ती विधानसभा में है। यहां दो लाख 16 हजार 915 मतदाता हैं।

### न्याय योजना और मोदी की गारंटी

भाजपा प्रत्याशी जहां राज्य में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से किसानों को धान की कीमत 3100 रुपए देने, महतारी वंदन और अन्य गारंटी तथा केंद्र सरकार की दस साल की उपलब्धियों पर वोट मांग रही हैं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पांच न्याय योजना जिसमें युवा, बेरोजगार, महिला और किसानों के लिए न्याय की बात कही गई है, उसे आधार बनाकर वोट मांग रहे हैं। महिलाओं के खाते में प्रतिवर्ष एक लाख रुपये देने, किसानों के लिए एमएसपी लागू करने, फसल बीमा की राशि किसानों के खाते में सीधे भेजने और बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही जा रही है। भाजपा जहां अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात कह रही है, वहीं कांग्रेस चुनावी बांड में भ्रष्टाचार का आरोप भाजपा पर लगा रही है। स्थानीय समस्या पलायन, पेयजल आपूर्ति और गांवों की सड़क निर्माण की बातें दोनों दल के उम्मीदवार कर रहे हैं।

# अपनी ही सीटों पर उलझे स्टार प्रचारक!

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ती जा रही है। ऐसे में स्टार प्रचारकों की डिमांड भी बढ़ रही है। चुनाव जीतने के लिए हर प्रत्याशी चाह रहा है कि स्टार प्रचारक उनके क्षेत्र में आकर माहौल बनाए, लेकिन राज्य के कांग्रेस-भाजपा के अधिकांश बड़े स्टार प्रचारक लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। कई जगह कांटे की टक्कर है। इस वजह से वे अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही उलझे रह गए और अन्य क्षेत्रों में प्रचार करने नहीं जा पा रहे हैं। स्टार प्रचारकों के मामले में छत्तीसगढ़ में भाजपा की तुलना में कांग्रेस की स्थिति थोड़ी ज्यादा खराब दिख रही है। दरअसल, छत्तीसगढ़ में लोकसभा प्रत्याशियों को भी स्टार प्रचारक बना दिया गया है। इस वजह से वे एक सीट पर ज्यादा सिमट गए हैं।

भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, इसमें एक भी प्रत्याशी को स्टार प्रचारक नहीं बनाया गया है। जबकि कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव प्रत्याशी भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री व महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को स्टार प्रचारक बनाया गया है। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। उनकी पत्नी कोरबा से चुनाव लड़ रही है। छत्तीसगढ़ में तीन चरण में चुनाव होना है। पहले चरण में बस्तर लोकसभा सीट का चुनाव 19 अप्रैल को हो गया है। जबकि दूसरे चरण में राजनांदगांव, कांकेर व महासमुंद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को चुनाव होना है। इसके बाद कांग्रेस के दो स्टार प्रचारक भूपेश बघेल और ताम्रध्वज साहू फ्री हो जाएंगे और दूसरी लोकसभा सीटों पर प्रचार करने जाएंगे। इसके लिए बघेल की डिमांड अधिक है। छत्तीसगढ़ के चुनाव में भाजपा के दिग्गजों ने मोर्चा संभाल लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



बस्तर लोकसभा सीट में सभा हुई है। इसके अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की आमसभा हो चुकी है। जबकि कांग्रेस से सिर्फ राहुल गांधी की आम सभाा बस्तर लोकसभा सीट में हुई। दूसरे चरण चुनाव के लिए भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभाएं व कार्यक्रम तय है। जबकि कांग्रेस ने प्रियंका गांधी की भी दो सभा का कार्यक्रम जारी किया है।

### बड़ी चुनौती से कैसे निपटेंगे?

राजनांदगांव के जरिए दिल्ली की राह बनाने में लगे भूपेश बघेल के समक्ष कई सारी चुनौतियां हैं। इसलिए शहरी इलाकों की बजाए वे ग्रामीण क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। बघेल की चुनौती इसलिए भी बड़ी है, क्योंकि भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद संतोष पांडेय को फिर उतारा है। क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से पांच पर कांग्रेस का कब्जा है। क्या इसका फायदा बघेल को नहीं मिलेगा? इधर, भाजपा अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिखती है। वहीं कांग्रेस भी पीछे नहीं है। जातिगत समीकरण, प्रचार सामाग्री का सही विवरण, एक-एक वोटर की ट्रैकिंग, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सोशल मीडिया पर प्रचार से लेकर भाजपा समर्थक माने जाने वाले वोटरों तक पहुंच बनाने की कोशिश, हर रणनीति कांग्रेस पूरी शिद्दत से अंजाम दे रही है। पार्टी के चुनाव संचालन प्रभारी गिरीश देवांगन दावा भी करते हैं कि यहां जीत को लेकर कोई संशय नहीं। वहीं, भाजपा को अपने परपंरागत मतदाताओं के अलावा मोदी मैजिक पर पूरा भरोसा है। मौजूदा सांसद संतोष पांडेय का सहज व्यवहार और इलाके में कराए गए काम भी उनके काम आ रहे हैं। गढ़बो नया छत्तीसगढ़ का नारा कभी कांग्रेस ने दिया था लेकिन अब जैसे भाजपा ने इसे अपना लिया है।

### कका की राह में काँटे ही काँटे

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव के चक्रव्यूह में उलझकर रह गए हैं। ग्रामीण इलाकों में बघेल के पास पर्याप्त समर्थन है। जिला मुख्यालय से कुछ आगे बढ़िए, तो लोगों की राय उनके पक्ष में सकारात्मक मिलती है। लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री रहते बघेल ने इलाके के लिए काफी काम किया है। लेकिन, बात जब थोड़ी आगे बढ़ती है, तो मन का भाव सामने आ जाता है- जीतेगी तो भाजपा ही! यह नैरेटिव ही बघेल की सबसे बड़ी चुनौती और भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। फिलहाल कांग्रेस के पास इसका कोई तोड़ नहीं है। वैसे, स्वयं भूपेश बघेल को ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा उम्मीदें हैं। शायद यही वजह है कि राजनांदगांव शहर को छोड़कर वे बाकी के इलाकों पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं।

### भाजपा का शोर, कांग्रेस में खामोशी!

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में पहले चरण के तहत बस्तर में मतदान हो चुका है। अब दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव के लिए सियासी दल अपनी ताकत झोंक रहे हैं। अकेले कोरबा जिले की ही बात करें तो लगभग रोज ही लोकसभा प्रभारी, प्रदेश प्रभारी, कैबिनेट मंत्री, विधायक जैसे बड़े नेता दौरे पर हैं। बड़े नहीं तो लोकल स्तर के नेता ही किला लड़ाए हुए हैं। लगभग पूरे छत्तीसगढ़ में ही यही हालात हैं। बीजेपी आम चुनाव के पिच पर फ्रंट फुट पर खेल रही है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेसी नेता थोड़े बैकफुट पर दिखाई दे रहे हैं।

प्रचार के लिए कोरबा पहुंचे वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पार्टी बेहतर प्रदर्शन करने वाली है। जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं, जबकि चरणदास महंत का कहना है कि पता नहीं क्यूं इस बार बीजेपी लड़ने के मूड में दिखाई दे रही है। उनकी पार्टी के नेता ईडी और आईटी का डर दिखा रहे हैं। मंत्री ओपी चौधरी के मुताबिक, हमारे प्रचार का यही तरीका है। हम अपने किए हुए कार्यों से जनता को अवगत कराते हैं। जो भी हमारी बातें हैं, हमारी विचारधारा है, हमारे काम है उसे हम जनता के बीच लेकर जाते हैं। अपनी बातें जनता तक पहुंचाना लोकतंत्र में हमारी जिम्मेदारी है और अधिकार भी। हमारे प्रचार का तरीका आक्रामक है। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का कहना है कि भाजपा सिर्फ लड़ने के लिए ही लड़ रही है। प्रदेश की सियासत में संभवत: ऐसा पहली बार ही हुआ होगा जब विपक्ष के तीन बड़े नेताओं के खिलाफ एफआईआर हुई है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर एक घोटाले में कथित संलिप्त होने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत पर भड़काऊ भाषण देने पर एफआईआर है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा के विरुद्ध भी पीएम मोदी के खिलाफअपमानजनक बातें कहने के जुर्म में एफआईआर दर्ज किया जा चुका है।

## मतदाता जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ




देश में जब-जब चुनाव होते हैं, मतदान प्रतिशत एक बड़ा मुद्दा बन जाता है। कहा जाता है कि जब जनता बड़ी संख्या में मतदान करती है तो किसी न किसी पार्टी की एकतरफा जीत होती है। इसलिए राजनीतिक दलों से लेकर चुनाव विश्लेषकों तक की नजर वोटिंग प्रतिशत पर होती है। उधर, चुनाव आयोग वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए तरह-तरह के उपाय करता है। इसके लिए चुनाव आयोग सुव्यधवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (SVEEP) चलाता है। आम तौर पर यह कार्यक्रम कालेजों के माध्यम से संचालित किया जाता है। रैलियां निकाली जाती हैं, नुक्कड़ नाटक किये जाते हैं, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। बावजूद इसके, इस कवायद का मतदान प्रतिशत पर कोई सीधा प्रभाव अब तक देखने में नहीं आया है। इस बार निर्वाचन आयोग ने महिला संगठनों को भी स्वीप कार्यक्रम से जोड़ा है। महिला संगठनों को भी नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने में लगा दिया गया है। यह और बात है कि इस बार भीषण गर्मी के चलते अधिकांश इलाकों में ये आयोजन फीके-फीके से हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो गया है। मतदान प्रतिशत को लेकर कोई भी आश्वस्त नहीं है। ऐसे में आइए एक नजर डालते हैं मतदाताओं की सांख्यिकी पर। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) द्वारा जुलाई 2022 से जून 2023 के बीच जुटाए गए आंकड़ों की मानें तो 18 साल उम्र वाले 28.5 प्रतिशत युवा या तो काम कर रहे हैं या फिर काम की तलाश में हैं। 19 साल की उम्र वालों के लिए यह संख्या 31.3 प्रतिशत है। सर्वे के मुताबिक पहली बार मतदान करने वालों का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन 29.7 प्रतिशत था। इसका मतलब यह है कि पहली बार मतदान करने वाले 70 प्रतिशत मतदाता फिलहाल कोई काम नहीं कर रहे। कुल जनसंख्या के लिए यह प्रतिशत 58 है। शहरी क्षेत्रों में 78 प्रतिशत की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में 67 प्रतिशत आयु वर्ग वर्क फोर्स से बाहर है। इसके अलावा बड़ी संख्या में ये युवा या तो किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं या फिर अपने शहर से बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। 20 से 25 साल के युवा बड़ी संख्या में अपने घर से दूर हैं। यात्री परिवहन का जो हाल इस समय देश में है, कोई भी बिना इमरजेंसी के यात्रा करना नहीं चाहेगा। सवाल यह उठता है कि आखिर वास्तविक मुद्दों से परे की राजनीति में युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित कैसे करें? झल्लाए बैठे एक वरिष्ठ राजनीतिक कार्यकर्ता ने एक बढ़िया सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के पास भण्डारे के व्यवस्था कर दी जाए। जो उंगली पर निशान लगवाकर आए उसे ही भोग दिया जाए। इससे न केवल मतदान प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि भण्डारे के दौरान ही ज्यादा से ज्यादा वोट पड़ जाएंगे। प्रस्ताव तो अच्छा है पर इसे प्रलोभन माना जा सकता है।




19 एलईडी स्क्रीन वॉल
बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी
Harsh Media Advertisers
- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासपुर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली
Bhagat singh Chowk, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

## संपादकीय

# युद्ध की भड़कती आग

> अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात बढ़ती रही, तो ईरान-इजरायल का यह तनाव कब पश्चिम एशिया में पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। ईरान और इजरायल जिस राह पर निकल पड़े हैं, वह युद्ध और विनाश की ओर ही जाता है। इस महीने की शुरुआत से ही दोनों देशों से 'हमला' और 'बदला' जैसे शब्द सुनाई दे रहे हैं।

एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हमला हुआ, तो इसका आरोप इजरायल के मत्थे मढ़ा गया। दो हफ्ते बीतने से पहले ही ईरान ने उसका बदला लेने के लिए हमला बोल दिया। उसने इजरायल पर करीब 300 मिसाइलें दागीं। हालांकि, इजरायल ने दावा किया कि उसने ज्यादातर मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचने से बहुत पहले ही नष्ट कर दीं। नुकसान शायद बहुत ज्यादा नहीं था, लेकिन यह उसके सम्मान पर बहुत बड़ी चोट थी। पिछले तीन दशक में किसी देश ने पहली बार इजरायल की धरती पर इस तरह से बमबारी की जुर्रत की थी। इस शुक्रवार को इजरायल ने इसका बदला ले लिया। इजरायल के वमवर्षक ड्रोन ईरान की ओर उड़े और उसके सैन्य शहर इशफाहान पर बम बरसाए। इशफाहान के बारे में कहा जाता है कि इसी जगह पर ईरान अपना परमाणु बम विकसित कर रहा है। इसके अलावा, यह ईरानी फौज का सबसे बड़ा बेस भी है।

यह हमला कितना बड़ा था, इसके बारे में फिलहाल बहुत कुछ नहीं कहा जा सकता। कुछ खबरों में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई देने की बात कही गई है। हालांकि, ईरान और इजरायल, दोनों ने ही इसे कमतर दिखाने की कोशिश की है। तेहरान ने कहा है कि कोई बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ, जबकि इजरायल ने आश्वस्त किया है कि यह हमला ईरान के परमाणु केंद्र पर नहीं था। वैसे मामला हमले के बड़े या छोटे होने का नहीं है, मामला पश्चिम एशिया में और खासकर इन दोनों देशों के बीच उस तनाव का है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। अतीत में भी इजरायल एक बार ईरान के इसी शहर पर हमला कर चुका है, लेकिन इस बार तनाव बहुत ज्यादा है, इसलिए आशंकाओं की भरमार भी दुनिया को सिहरन दे रही है। अभी ईरान की तरफसे एक बयान यह भी आया है कि फिलहाल इस हमले का बदला लेने का उसका कोई इरादा नहीं है, लेकिन आम धारणा यही है कि बदला देर-सवेर लिया ही जाएगा। अगर इसी तरह से बदला-दर-बदला बात चलती रही, तो पश्चिम एशिया का यह तनाव कब पूर्ण युद्ध में बदल जाएगा, कहा नहीं जा सकता। पिछले चंद रोज में गाजा में जिस तरह का मानवीय संकट खड़ा हुआ है, इजरायल इन झड़पों के चलते उससे दुनिया का ध्यान हटाने में जरूर कामयाब रहा है।

पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में जैसे तनाव दिख रहे हैं और जिस तरह के खतरे खड़े हो रहे हैं, उसके सामने पूरी दुनिया महज तमाशबीन बनी दिख रही है। खासकर जिनको हम महाशक्तियां कहते हैं, वे मौन हैं। रूस यूक्रेन के साथ लड़ाई में उलझा हुआ है। चीन अपनी सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव है और ऐसे मौके पर कोई यह मानने को तैयार नहीं कि वह पश्चिम एशिया में निष्पक्ष भूमिका निभा सकेगा। संयुक्त राष्ट्र की अपनी सीमाएं हैं और अक्सर वह ऐसे युद्धों को रोकने में कारगर नहीं हो पाता। बड़ी समस्या यह नहीं है कि इजरायल-ईरान का तनाव बढ़ रहा है और कभी भी आग के भड़क उठने की आशंकाएं हैं, समस्या यह है कि यह सब ऐसे मोड़ पर हो रहा है, जहां पहुंचने के लिए समझदारी के सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं।

## नजरिया

# ईरान ने किया इजरायल पर हमला

> ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के हालात निर्मित हो गए हैं। सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान ने पलटवार करते हुए व्यापक पैमाने पर इजरायल पर द्रोण और मिसाइलों से हमले किए। ये दोनों प्रमुख शत्रु देश माने जाते हैं। इनके बीच सालों से छः युद्ध चल रहा है, परंतु यह पहली बार है, जब इनके बीच सीधी लड़ाई सामने आई है।

प्रमोद भार्गव

हालांकि इजरायल ने ईरान से छोड़े गए ज्यादातर घातक हथियारों को आसमान में ही निश्क्रिय कर दिया। इस कारण उसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। एक सैन्य अड्डे पर हानि के साथ, एक युवती गंभीर रूप से घायल हुई है। लेकिन इन हमलों ने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच चल रहे भीशण युद्ध से त्रस्त दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। क्योंकि यह युद्ध तीसरे विष्व युद्ध की ओर भी बढ़ सकता है ? युद्ध में अमेरिका, फ्रांस, जॉर्डन और ब्रिटेन ने जहां इजरायल का खुला समर्थन किया, वहीं ईरान के साथ सऊदी अरब, यमन, यूएई, ईराक और कुछ मध्य-एशिया के देश आगे आए हैं। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने चेतावनी दी है कि अगर इजराइल की तरफ से कोई कार्यवाही होती है तो उसे ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा। वह इजरायल के किसी भी हमले का उत्तर कोई देरी किए बिना तत्काल देगा और जरूरत पड़ने पर पहले कभी इस्तेमाल नहीं किए गए हथियार भी प्रयोग में ला सकता है। इससे संकेत मिलता है कि परमाणु हमले की स्थिति भी बन सकती है। इस लड़ाई के दूसरे पहलू महंगाई बढ़ने के साथ दुनिया में कच्चे तेल की कमी से जुड़े हैं।

इस युद्ध के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु नियामक संस्था ने आशंका जताई है कि इजरायल आगामी दिनों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकता है। इस आशंका के चलते ईरान ने अपने परमाणु संयंत्रों को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया है। ईरान ने इजरायल पर हमला इसलिए किया, क्योंकि 1 अप्रैल 2024 को इजरायल ने सीरिया पर हमला किया था। जिसमें ईरान समर्थित इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफ्ल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजरायल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया, क्योंकि ईरान ने 1 अप्रैल को सीरिया पर हमला बोला था। इजरायल को अमेरिका ने जो मदद की है, उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि उसने यदि अब इजरायल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया है, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा बनी रहे। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजरायल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा हैं, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजरायल के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजरायल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा



है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने का भरोसा जताया है। लेकिन उसने यह भी कहा है कि यदि इजरायल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास देखने में आया है कि ईरान ने अमेरिका को इजरायल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। यदि ईरान के विदेष मंत्री ने इस आषय का बयान दिया है। यदि इस बयान में सच्चाई है तो क्या यह मान लिया जाए कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें चल रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजरायल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देषों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजरायल का सहयोग दिया ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है। इसीलिए युद्ध विश्लेषक यह अनुमान लगा रहे हैं कि इजरायल और हमास युद्ध तो अभी खत्म नहीं होगा, लेकिन ईरान-इजरायल का संघर्ष और बढ़ेगा। यह आशंका कम हैं।

विश्व में शांति और सुरक्षा का दायित्व अंतरराष्ट्रीय संस्था संयुक्त राष्ट्र पर है, लेकिन पिछले कुछ सालों में देखने में आया है कि इस संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण नहीं रह गई है। ज्यादातर वैश्विक संकटों के निदान में उसकी भूमिका पक्षपातपूर्ण होने के साथ गौण रही है। इसीलिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई वैश्विक मंचों पर इस संगठन को अप्रासंगिक घोषित कर चुके हैं। दरअसल यह संगठन विकसित देशों की मुट्ठी में कैद है। इसी कारण संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश चीन के मनमाने रवैये के चलते भारत जैसा देश इसका स्थाई सदस्य नहीं बन पा रहा है। दरअसल विकसित देशों की महत्वाकांक्षा और अहंकार ऐसे कारण हैं, जो वैश्विक समस्याओं को निदान की ओर ले जाने के बजाय उन्हें उकसाने का काम भी करते हैं। इसलिए अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश जहां इजरायल और यूक्रेन को समर्थन देने के साथ युद्ध सामग्री उपलब्ध कराने में मदद करते हैं, वहीं ईरान इजरायल पर हमला अमेरिका को संज्ञान में लाने के बाद करता है। विकसित देश क्या ऐसी कुटिलताएं लड़ाई को निरंतर चलाए रखने के लिए बरत रहे हैं ?

कोविड संकट के बाद से ही दुनिया आर्थिक संकट से गुजर रही है। ऐसे में यदि युद्ध का दायरा बढ़ता है तो भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को न केवल आर्थिक बल्कि अन्य संकटो से भी दो-चार होना पड़ सकता है। इसलिए मध्य-पूर्व के इस ताजा घटनाक्रम में भारत की चिंता बढ़ा दी है। क्योंकि इजरायल में 80,000 और ईरान में करीब 4000 भारतीय नागरिक कार्यरत है। ईरान ने इजरायल जा रहे जिस माल वाहक जहाज को अपने नियंत्रण में लिया हुआ है, उसमें भी चालक दल के 17 भारतीय हैं। इन्हें मुक्त कराने के प्रयास में भारत सरकार लगी हुई हैं। इजरायल के कई शहरों में भारतीय सूचना तकनीक, हीरा व्यापारी और घरों में काम करने वाले नौकर हैं। इनमें ज्यादातर लोग आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और केरल के हैं। ईरान में भी 4000 के करीब लोग काम करते हैं। यदि युद्ध के हालात बनते हैं तो यूक्रेन की तरह भारतीयों को निकालने की जिम्मेदारी भारत सरकार को उठानी होगी। ईरान और इजरायल के बीच सीधा युद्ध होता है तो पूरी दुनिया में तेल की आपूर्ति भी बाधित होगी। ईरान ने स्वेज नहर से जहाजों की आवाजाही बंद करने की धमकी दी है। यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में महंगाई तो बढ़ेगी ही, शेयर बाजार में भी गिरावट आएगी। इन कारणों के चलते कच्चा तेल सौ डॉलर प्रति बैरल से छलांग लगाकर 120 से लेकर 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। जाहिर है, मीडिल ईस्ट से आने वाली महंगाई का उन देशों पर ज्यादा असर होगा, जो कच्चे तेल के लिए आयात पर निर्भर हैं। इससे ईंधन की महंगाई बढ़ेगी। इसकी चपेट में भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान आएंगे। स्वेज नहर बंद कर दी जाती है तो इस मार्ग से फारस की खाड़ी के देशों से जो खनिज और तेल भेजे जाते हैं, उनकी सप्लाई प्रभावित होगी। इसी नहर से एशियाई देश चाय, जूट, कपास, मसाले और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुएं पश्चिमी यूरोप के साथ उत्तरी अमेरिका में निर्यात करते हैं, गोया यह निर्यात बाधित होगा। भारत का इतिहास रहा है कि उसने कभी अपनी ताकत दिखाने के लिए किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया है। रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्धों के परिप्रेक्ष्य में देखने में आया है कि भारत की भूमिका तटस्थ रहते हुए युद्ध समाप्ति की अपील करते रहने में दिखाई दी है। क्योंकि युद्ध मानव सभ्यता को समाप्त करने का वाहक रहता है, ऐसे में यदि परमाणु युद्ध होता है तो मानवता और बड़े खतरे में पड़ सकती है ?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# गांव-गुलेल और गिट्टी

> गांव के बच्चे गुलेल को न जाने ऐसा बिल्कुल सम्भव नहीं है। गुलेल का उपयोग सबसे पहले कहां हुआ? कौन इसका आविष्कारकर्ता है? इसमें पड़ने की बजाय हम गुलेल की वह यादें याद करना चाहते हैं, जहां आम, ईमली, बेर, जामुन, आंवला, गंगा-ईमली आदि तोड़ने के लिए उपयोग में लाते थे। बचपन के दिनों में तालाब, नदी, खेत, बाड़ी, जंगल जब दोस्तों के साथ घूमने जाते थे, तब बबूल, नीम, अमरूद की डंठलों और सायकल की टिव से बनाए गुलेल हाथ में जरूर होते थे। कभी बिजली के तारों, वृक्षों में बैठे पक्षियों को निशाना लगाते तो कभी फलों को तोड़ने में नजर गड़ाते। वह बचपन की यादें कैसे भूल पाएंगे। सायकल एक लेकिन सवारी एक नहीं बल्कि तीन-चार हुआ करते थे।




विजय मानिकपुरी, रायपुर

शरारत की वह उम्र भी अजीब है। मधुमक्खी के छत्ते पर गुलेल की निशान और मधुमक्खी के उग्र रूप को उस उम्र ने भी दिलेरी से सामना किया है। कभी कुएं में घड़े लेकर पानी लेने पहुंचती, उसके पहले दोस्तों की हारजीत की बाजी ने गुलेल के निशाने से कई मटके तोड़ने का रिकॉर्ड कायम भी किए हैं। यह गुलेल बॉलीवुड में भी खूब वाहवाही लूटी है। बदमाशों के छक्के छुड़ाया है। तो रियल लाइफमें सुरक्षा कवच भी बना है। गुलेल सिर्फ निशाने लगाकर शिकार करने की कला नहीं सिखाती बल्कि एकाग्रचित्त मन, धीरज व संयम का गुण भी विकसित करती है। गुलेल के दौर में जहां खिड़कियों के कांच तोड़ने की अदभुत बाजीगिरी भी हमने देखा-सीखा है।

एक दोस्त, गुलेल को अपने पास रखे हुए थे। बाजार का दिन था.,एक राहगीर को किसी ने गिट्टी-पत्थर मार दिया। सिर से खून टपकने लगा। दोस्त के पिताजी बाजार आए थे। घायल व्यक्ति से पूछने लगा। हम लोग वहां से जाने लगे। दोस्त के पिताजी कहने लगे, चिंता मत करो, ज्यादा चोट नहीं लगा है, लेकिन चोट कैसे लगा है। यह मैं भली-भांति समझ गया हूँ, दोस्त के पिताजी हमें देखते, इसके पहले अपने- अपने घर पहुंच गए। शाम करीब 6 बज रहा था। घर में लालटेन जल चुका था। चूल्हे से धुआं निकल रहा था।

एक लालटेन को सामने रखकर मैं 'वंडर ऑफ साइंस' 'एसे' पढ़ने में मशगूल हो गया। घर से बाहर, मैं नहीं, मत मारो, अब रहने दो, इनसे पूछ लो, उनसे पूछ लो, बजरंगबली की कसम.. मैं नहीं...ये तमाम वाक्या मैं अंग्रेजी पुस्तक को खोलकर रखा था लेकिन कान व दिमाग उस आवाज की तरफ चले गया था। इतने में मेरे दोस्त के पिताजी, मेरे दोस्त के सर की बाल खींचकर मेरे पास धमक गए.. बोलो.. तुम दोनों ने ही बाजार में उस बेचारे का सिर, गुलेल से मारा है



न? मैं कुछ कहता, इसके पहले दोस्त के पिताजी कहने लगा..वह गुलेल इनके जेब में मिला है। तुम दोनों बाजार में थे.. अब तुम भी झूठ बोलेगे। यह बात सुनते ही मेरी माँ, चूल्हा के पास से चिमटा लेकर पहुंची और मेरे पैर-पीठ व हाथ में बरसाने लगी।

मैं कुछ बोलता.. इतने में पड़ोसी कहने लगे.. अब छोड़ दो.. गुलेल से, धोखा से गिट्टी-पत्थर लग गया होगा। जानबूझकर तो किया नहीं होगा? रात करीब पौने आठ बज गया था..भूख लगने लगी थी। आखिर माँ ने बुलाकर खाना परोसने लगी.. बोलने लगी जा तुम्हारे दोस्त को भी बुला ले.. उसे बहुत मार पड़ी है.. खाना नहीं खाया होगा..दोनों एक साथ खा लो। मैं, उसे, उनके घर बुलाने गया। उनके पिताजी दरवाजा खोला। उनसे कहा, दोस्त को खाने के लिए माँ बुला रही है। यह आवाज सुनकर, दोस्त चौखट के पास पहुंचे.. उनके पिताजी उन्हें इशारे करके कहने लगे, जाओ खाना खा लो.. और वहीं सो भी जाना..ठीक से पढ़ाई भी करना।

दोनों दोस्त भोजन किए..., अंग्रेजी का 'वंडर ऑफ साइंस' पढ़ना कम। रात दो-ढाई बजे तक यही सोचते रहे कि हमने गुलेल चलाया नहीं, उस व्यक्ति के सिर पर गिट्टी-पत्थर मारा नहीं, फिर हम दोनों को मार क्यों पड़ी। उस रात तय कर लिए कि गुलेल अब बाजार लेकर नहीं जाएंगे..न गुलेल को हाथ लगाएंगे.. सुबह उठे..पेपर बांटने सायकल लेकर निकल पड़े, मार माँ की मार भूल गए..सब कसमें भूल गए..स्कूल गए.. घर वापस आए। पुस्तक-कॉपी के थैले घर में रख दिए। हम दोनों दोस्त गुलेल लेकर तालाब के किनारे मन्दिर के पास बैठकर यही दिमाग लगाते रहे कि बाजार में गुलेल लेकर गए जरूर थे, लेकिन गुलेल चलाया नहीं, फ्रि मार क्यों पड़ी।

बाद में याद आया.. उस पीपल के पेड़ में तोता थी, उसको कई बार गुलेल से निशाना लगाया..लेकिन गुलेल के निशाने से तोता बच निकलती, लेकिन वह पत्थर उस डाल में फंसी थी, बाजार के दिन, शाम के समय हवा चलने लगी थी और वही गिट्टी-पत्थर गिरकर उस राहगीर के सिर में लग गया था. और उन्हीं के नजदीक हम लोग खड़े थे। काफी मनन करने के बाद पता चला कि गुलेल का निशाना तोता पर तो नहीं लगा लेकिन उस राहगीर के सिर में जरूर लग गया।

उस घटना को याद करके हम दोनों दोस्त आज भी खिलखिला उठते हैं। सचमुच, वह गुलेल की यादें, आप लोग भी याद कीजिए.. मन को, तन को कुछ समय के लिए उस सुनहरे बचपन की यादों में लौटा लीजिए।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

# ताकि वकील बनने के लिए भी लालायित हों योग्य युवा

हरिवंश चतुर्वेदी, शिक्षाविद, पूर्व निदेशक,बिमटेक

विधि शिक्षा की नीति निर्धारण करने वाली सर्वोच्च संस्था, 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' ने सभी राज्य सरकारों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर विधि शिक्षा के अंधाधुंध विस्तार पर गहरी चिंता व्यक्त की है। बार काउंसिल ने विधि शिक्षा के अत्यधिक विस्तार पर अंकुश लगाने के अनुरोध की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है। ध्यान रहे, विगत कुछ वर्षों में राज्य सरकारों ने 300 नए विधि महाविद्यालय खोलने की अनुमति दी है। विधि शिक्षा हमारे देश की पूरी व्यवस्था की रीढ़ की तरह है। फिलहाल विधि महाविद्यालयों की संख्या 1,800 से अधिक है, जिनमें करीब 1,200 कॉलेज निजी क्षेत्र में, 500 से ज्यादा कॉलेज सरकारी क्षेत्र में और लगभग 100 कॉलेज अर्द्ध-सरकारी क्षेत्र में हैं। यूं तो भारत में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की कमी और आधारभूत मानकों की अवहेलना पर राष्ट्रीय स्तर की चर्चा होती रही है, किंतु विधि शिक्षा की गिरावट सभी हदों को तोड़ती रही है।

आज अगर सभी क्षेत्रों में गिरावट या कमी दिख रही है, तो इसकी एक बुनियादी वजह कमजोर विधि शिक्षा भी है। बार काउंसिल के नए प्रयास अगर साकार होते हैं, तो असर देश में सभी क्षेत्रों पर पड़ेगा। आज कोई भी शहर देख लीजिए, वकीलों की दयनीय स्थिति कई बार मजाक का विषय बन जाती है। विधि शिक्षा के महत्व को आज उच्च प्राथमिकता देने की जरूरत है। इसे हम अपने गणतंत्र, संसदीय व्यवस्था, संविधानवाद, नागरिकों के मूलभूत अधिकार, स्वाधीनता, बालिग मताधिकार और सब प्रकार के भेदभाव पर सांविधानिक निषेध से जोड़कर देख सकते हैं। जरा सोचिए, उपरोक्त व्यवस्थाओं को निर्मित करने वाले हमारे राष्ट्र निर्माता कौन थे और वे किस पेशे से जुड़े थे और कौन-सी शिक्षा उन्होंने ग्रहण की थी? महात्मा गांधी जवाहरलाल नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मदन मोहन मालवीय, मोतीलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और सी राजगोपालाचारी जैसे राष्ट्रीय नेताओं ने कानून की बेहतरीन शिक्षा ली थी और वकालत के पेशे से जुड़े थे। क्या आज स्तरहीन कानून की शिक्षा लेकर वकील बनने वाले लोग हमारे सांविधानिक ढांचे की उचित रखवाली और कानून के शासन के व्याख्याता बन सकते हैं? यही कारण है कि यहां बार काउंसिल की चिंताएं समीचीन जान पड़ती हैं। हम 2047 तक एक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। क्या कानूनी शिक्षा की मौजूदा हालत को सुधारे बिना और वकालत के पेशे को सुदृढ़ किए बिना विकसित भारत : 2047 का सपना साकार किया जा सकता है? हमें उन चुनौतियों से रूबरू होना पड़ेगा, जिनका सामना आज कानूनी शिक्षा और वकालत का पेशा कर रहा है।

इंजीनियरिंग में आईआईटी, प्रबंधन में आईआईएम और चिकित्सा में एम्स की तरह विधि शिक्षा में उच्च मानक स्थापित करने के लिए 1990 के दशक में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों की संख्या अब 27 हो चुकी है। चूंकि इनकी स्थापना सरकारों द्वारा विधिवत समुचित संसाधनों से की गई, अत: आज ये चमकते सितारे बन चुके हैं। इनके स्नातकों की मांग देश-विदेश में बढ़ती जा रही है। इनकी प्रसिद्धि का एक कारण तीन वर्ष की लॉ डिग्री न देकर पांच वर्षीय एकीकृत डिग्री देना भी रहा है। क्या इन राष्ट्रीय संस्थानों जैसी गुणवत्ता देश के सभी 1,800 विधि संस्थानों में बहाल की जा सकती है? भारत के इंजीनियर, डॉक्टर और प्रबंधकों की दुनिया भर में मांग है, ठीक ऐसे ही विधि विशेषज्ञों की भी मांग होनी चाहिए। आने वाले समय में विश्व स्तर पर अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए भी गुणवत्ता वाले लाखों वकीलों की जरूरत पड़ेगी। कुछ निजी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों ने जो उल्लेखनीय मानक स्थापित किए हैं, उन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। अभी हाल ही में जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत को क्यूएस रैंकिंग में एशिया के स्तर पर प्रथम स्थान मिला है, जो नि:संदेह सराहनीय है। इससे अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा मिलनी चाहिए। आज डॉक्टर, इंजीनियर, प्रबंधक बनने के लिए प्रतिभाशाली युवाओं के बीच भेड़चाल दिखाई देती है। अगर हम विधि शिक्षा के लिए भी प्रतिभावान युवाओं में आकर्षण पैदा कर सके, तो सबको लाभ होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सीखते, तो अभी तक सब सज्जन हो जाते

> सड़क से सर्वोच्च न्यायालय तक ईवीएम और वीवीपैट की चर्चा है, पर एक वह भी समय था, जब लोग मतपत्र मतदान केंद्र से बाहर लाकर बेच देते थे और साल 1960 में चुनाव प्रक्रिया में बड़े सुधार की पहल हुई थी।

विभूति मिश्र, वरिष्ठ नेता व तत्कालीन सांसद

सभापति महोदय, मैं मंत्री जी की तारीफ करता हूं कि ईमानदारी के साथ उन्होंने मार्किंग सिस्टम को जारी किया है, पर उन्होंने खुद ही अपने भाषण में इस बात को कबूल किया है कि जो दूरदराज के इलाके हैं, जो पिछड़े इलाके हैं, वहां इस व्यवस्था को लागू नहीं किया जाना चाहिए। ... शहरों में वह इस व्यवस्था को लागू करने के हक में हैं, किंतु पिछड़े इलाकों में लागू करने के पक्ष में नहीं हैं और उनके लिए उन्होंने कहा कि सिंबल सिस्टम ही जारी रखा जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा है कि मतदाता बुद्धिमान हों। मैं कहना चाहता हूं कि यह संसद ही अगर इस बात की जांच नहीं कर सकती कि मतदाता बुद्धिमान हैं या नहीं, तो और कौन कर सकता है? ...यह कहा गया है कि मतगणना में गड़बड़ी होती है। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि इसमें कभी गड़बड़ी नहीं होती है। एक प्रत्याशी के पहले सारे मत गिन लिए जाते हैं और उसके बाद पेटी में बंद हो जाते हैं और उसके बाद ही दूसरे प्रत्याशी के मतों की गिनती होती है। मेरी इस बात का मंत्री जी ने जवाब नहीं दिया है कि 42 करोड़ बैलेट पेपर और 15 दिन के अंदर हिन्दुस्तान में सुरक्षा के साथ छपवाए जा सकते हैं या नहीं छपवाए जा सकते हैं। ...मैंने अमेरिका का उदाहरण दिया था। वहां मार्किंग सिस्टम है और वहां पर इस काम में मशीन को इस्तेमाल में लाया जाता है, पर वहां भी गलती हुई है।...

मैं नहीं कहता कि मार्किंग सिस्टम फेल होगा, पर फेल अगर होता है, तभी तो सुधार की बात कही जाती है। ...सुधार की बात सिंबल सिस्टम में भी और मार्किंग सिस्टम में भी, दोनों में लागू होती है। इस वास्ते क्यों न पुराने सिस्टम को सुधार करके चालू रखा जाए?

...गांव में आज दिन भी बड़े-बड़े लोग रहते हैं और उनके सामने जाकर गरीब आदमी को वोट देना होगा और वह बड़ा आदमी उसको डरा-धमकाकर जिसको चाहेगा, वोट दिलवा देगा और उसको कह देगा कि फ्लां बक्से में वोट डालो। उस गरीब आदमी को दिखलाना पड़ेगा कि वह उसको वोट दे रहा है या उसके कहने के मुताबिक वोट दे रहा है। ...गोपनीयता नहीं रह पाएगी ।

आप कहते हैं कि मार्किंग सिस्टम में मतदाता को शिक्षित किया जाए और उसको कहा जाए कि वह अपना मत न बेचे। ...आप यह भी कहते हैं कि प्रत्याशी उनको बुद्धिमानी से शिक्षित करें। मैं पूछना चाहता हूं कि इस सदन में कितने माननीय सदस्य ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी जिंदगी का कुछ हिस्सा जनसेवा में लगाया है?...

जहां तक इल्जाम लगाने का ताल्लुक है, वह कोई भी लगा सकता है। चाहे यहां धर्मराज भी आकर बैठ जाएं, तो उनके खिलाफ भी इल्जाम लगाए जाएंगे। ...हमारे यहां के चुनाव की आज दुनिया भर में साख है। पहले हमारे (सुकुमार) सेन साहब चुनाव आयुक्त थे..., उन्होंने ईमानदारी के साथ चुनाव करवाया...।

यहां कुछ लोगों का दिल्ली, कलकत्ता, बंबई आदि बड़े शहरों में रहने के कारण गांवों से संपर्क छूट गया है। ...केरल में जो उप-चुनाव हुआ, उसे कराने के लिए सारे हिन्दुस्तान की हर पार्टी के लोग गए थे और एक-एक वोटर को चार-चार आदमी सिखाने के लिए थे, तो केरल का चुनाव कोई उदाहरण नहीं है। ...जब आम चुनाव होंगे, तब सारे हिन्दुस्तान में एक साथ होंगे। उस समय हर एक अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में काम करेगा। जब अपनी दाढ़ी में आग लगेगी, तो कौन किसी और को देखेगा और दिखाएगा। यह कहना तो एक तकनीकी बात है कि लोगों को सिखाया जा सकता है। अगर ऐसा होता, तो आज सारे लोग सज्जन हो गए होते और धर्मात्मा हो गए होते। राजा रामचंद्र के राज में और युधिष्ठर के राज में भी यही कहा जाता था, पर लोग शिक्षित नहीं हो पाए। असलियत देखते हुए मैं कहता हूं कि सेन साहब या चुनाव आयुक्त हमारे साथ हिन्दुस्तान के देहात का पैदल दौरा करें, तब उन्हें सही स्थिति का ज्ञान हो सकेगा।

**( लोकसभा में दिए गए उद्बोधन से )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किश्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### सुरेन्द्र त्रिपाठी बने राधा स्वामी नगर जन विकास समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** राधा स्वामी नगर जन विकास समिति में विगत दिनों पदाधिकारियों का गठन कालोनी के गार्डन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी सुरेन्द्र त्रिपाठी, राजकुमार डेंगवानी, उमेश मिश्रा, ईश्वर साहू चुनाव में खड़े हुए। सर्वाधिक मत पाकर सुरेन्द्र त्रिपाठी को अध्यक्ष घोषित किया गया। बाकि पदाधिकारीयों का चयन सर्वसम्मति से हुआ जिसमे सचिव जीएस मंडावी, सहसचिव नीरज तिवारी, विनोद जेठानी, उपाध्यक्ष टोमन साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, सहकोषाध्यक्ष राजेश देवानी। वहीं रामनवमी के दिन कार्यकारणी का गठन हुआ जिसमें संरक्षक सुरेश दुबे, विशेष सलाहकार राजकुमार डेंगवानी, महामंत्री बीसी राजपाल। इनके अलावा डॉ महेश गुप्ता, केआर बंजारे, पुरुषोत्तम पदमवार, सुदेश दीवान, अभय गहलोत, लक्ष्मी नारायण रजक, गोपाल खरवेड़े, सोनू पटेल को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। ज्ञात हो कि पदाधिकारियों का चयन 7 अप्रैल को तथा 17 अप्रैल रामनवमी के दिन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

### मास्टर ट्रेनरों द्वारा माईक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण आज प्रार्थना सभा भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर मिथिलेश मिश्रा, जीवन प्रभाकर गोरे, राजदीप शर्मा, कमलेश ठक्कर ने प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनरों ने माइक्रो आब्जर्वर्स की भूमिका और दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस दौरान उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। 3 पालियों में 300 माईक्रो ऑब्जर्वर को आज प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि माईक्रो ऑब्जर्वर मतदान दल का सदस्य नहीं होता है, वह मतदान दलों के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किया जाता है। इसलिए माईक्रो ऑब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। वे सीधे प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक देंगे, प्रशिक्षण सत्र में कहा गया कि चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी को अपने दायित्वों की जानकारी हो, यदि चुनाव के दौरान किसी प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी लगती है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित करना माइक्रो ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी है कि किसी भी स्थिति में दोबारा वोटिंग की स्थिति न बने। प्रशिक्षण में ईव्हीएम एवं वोटिंग कम्पार्टमेंट की सुरक्षा और गोपनीयता की ओर विशेष ध्यान देने कहा।

### उच्च सुरक्षा कारणों से गांधी स्टेडियम में तैयार किया जा रहा हेलीपैड

**अम्बिकापुर।** उच्च सुरक्षा कारणों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा गांधी स्टेडियम में हेलीपैड तैयार कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विलास भोस्कर ने बताया कि प्रधानमंत्री आगमन में उच्च सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्धारित नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होता है। निर्धारित प्रोटोकॉल एवं उच्च सुरक्षा व्यवस्था के मानकों पर केवल गांधी स्टेडियम स्थल उचित पाए जाने पर उसका चयन किया गया है। और इन्हीं नियमों के अनुरूप गांधी स्टेडियम में हेलीपैड तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना और जिले के आमजन की सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया : भावना बोहरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा । पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शनिवार को ग्राम गैंदपुर, बाजार चारभाठा, वीरेंद्र नगर, सिंघनगढ़, मोहतरा, रमतला, पेंड्री,दलपुरवा एवं सोमनापुर में जनसंपर्क किया। उन्होंने 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजय दिलाने के लिए मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने महतारी वंदन कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद किया और उन्हें संबोधित कर केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे।

भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, देश को सुरक्षित रखने, आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने और देश को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ रही है।

इन लक्ष्यों की सिद्धि के लिए तीसरी बार प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को आपका एक वोट छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के विकास और जनकल्याण की नीतियों को गति देगा। भाजपा का लक्ष्य हमेशा ही विकास और जनकल्याण का रहा है। अपने लक्ष्यों के प्रति अडिग होकर भाजपा ने हमेशा ही राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कई ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में हुए हैं।



उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में आप सभी अधिक से अधिक मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ भाजपा को वोट करें। आज मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जीके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार लगातार जनहित से जुड़े विषयों एवं विकास कार्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से आज हमारे प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, महिला स्वसहयता समूहों की बहनों को रेडी टू ईट के माध्यम से फिर से उनका अधिकार वापस मिला, युवाओं के भविष्य की चिंता करते हुए पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच का विषय हो या किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस एवं 3100 रुपए में धान खरीदी हो हमारी सरकार ने सभी वर्गों का ख्याल रखा है। आने वाले समय में भी मोदी की गारंटी में किये हर वादें पूरे होंगे इसके लिए हमें छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनाना है और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने कहा कि मोदी की गारंटी से आज हमारा प्रदेश और देश आने वाले पांच वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। हमारे राजनांदगांव लोकसभा में भी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। रेल, सड़क, बिजली, पानी, आवास, शौचालय और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं से लेकर क्षेत्र के विकास हेतु मोदी सरकार की सराहनीय योजनाओं एवं विकास कार्यों से आज जन-जन मोदी के साथ है और लोकसभा चुनाव में हम राजनांदगांव लोकसभा सहित सभी 11 सीटों में प्रचंड मतों से जीत दर्ज कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे।

## चुनाव आयोग के प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन ने कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह के साथ कोनी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। पूर्व की भांति इवीएम सुरक्षित रखने के साथ ही चुनाव सामग्रियों का वितरण भी शासकीय इसी इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से किया जायेगा।

महाजन ने सूक्ष्मता से अब तक की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारी की प्रगति एवं कार्ययोजना पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने केन्द्र पर तमाम व्यवस्थाओं गरमी से बचाव को



ध्यान में रखते हुए करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अवनीश शरण ने विधानसभा चुनाव के दौरान की गई व्यवस्थाओं एवं अनुभव से उन्हें अवगत कराया। प्रेक्षक महाजन ने मैदान को समतलीकरण करने को कहा है। उन्होंने चुनाव आयोग की चेक लिस्ट के अनुरूप व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि भवन के प्रथम तल में स्ट्रांग रूम एवं नीचे के भूतल पर मतगणना की जायेगी। उन्होंने सभी कमरों का बारीकी से निरीक्षण कर कुछ सुझाव दिए। संपूर्ण परिसर में सीसीटीव्ही लगाने के निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर अग्निसुरक्षा उपकरण लगाने को भी कहा है। महाजन ने कहा कि प्रत्याशी और उनके अभिकर्ताओं की सहूलियत का भी ध्यान रखा जाये। मतदान सामग्री वितरण, भोजन व्यवस्था पांर्किंग सुरक्षा इत्यादि तमाम जरूरतों की समीक्षा कर निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, एडिशनल एसपी अर्चना झा, सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना पीडब्ल्यूडी के ईई सीके पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सभी नागरिकों को मतदान करने कलेक्टर जयवर्धन ने दिलाई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में शत प्रतिशत मतदान एवं लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उदेश्य से आज अं.चौकी विकास खंड के ग्राम चिल्हाटी में जिला कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में बृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा 18 वर्ष पूर्ण कर लिये नव मतदाताओं को श्रीफल और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर जयवर्धन ने वहा उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी, बिहान समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहित गणमान्य नागरिकगणों को मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया। शपथ लिया गया कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए।

## गीत-कविता व नारा लेखन प्रतियोगिता : प्रतिभागी हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से गीत-कविता एवं नारा लेखन के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

गीत-कविता में प्रथम देव कुमार सोनझरी कुदरी गीत, द्वितीय अनुभव तिवारी कविता एवं दिनेश चतुर्वेदी कविता तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रथम दिवांशी यादव, द्वितीय अशोक अग्रवाल एवं तृतीय स्थान सरिता पटेल को प्राप्त किया। इसके साथ ही उत्कृष्ट नारा लेखन में अंकिता अग्रवाल एवं कविता में कुलदीप सिंह को



सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक ट्विटर और इंस्टाग्राम को टैग कर डिस्क्रिप्शन अथवा कैप्शन में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ पोस्ट किया गया था। इसके साथ ही गीत अथवा कविता को वीडियो के माध्यम से भी जिला प्रशासन को टैग कर पोस्ट किया गया था।

## मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में हुए जमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** स्तर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 89 बीजापुर अजजा के तहत मतदान केन्द्रों मे से अति संवेदनशील क्षेत्र के मतदान केन्द्रो के लिए लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दिवस के 3 दिन पहले मतदान दलों को हेलीकॉप्टर रवाना किया गया था] जिनकी वापसी दो दिनों तक 19 एवं आज 20 अप्रैल को हो गई है। स्ट्रांग रूम के बाहर निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मतदान दलों से निर्वाचन संबंधी जानकारी ली गई।

जिले में 245 मतदान केन्द्र बनाया गया था, जिसमें 10 संगवारी मतदान केंद्र] 05 युवा]



01 दिव्यांग और 05 आदर्श मतदान केंद्र केंद्र बनाया गया है। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 70 हजार 449 है। जिसमें से पुरूष मतदाता 81 हजार 981 और महिला मतदाता 88 हजार 460 हैं तथा अन्य 08 मतदाता हैं। जिले में 43-42 प्रतिशत मतदान हुआ है। विधानसभा क्षेत्र बीजापुर से हैलिकॉप्टर से मतदान दलों की सकुशल वापसी हुई है। इसके पश्चात मतदान दलों के सभी सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक भवन पहुंच कर ईव्हीएम मशीनों को जमा करने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति स्ट्रांग रूम में जमा कर स्ट्रांग रूम को सील किया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को बधाई दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के एस मशराम उप संचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधी के रुप में भारतीय जनता पार्टी से दीपक भट्ट एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस से जितेन्द्र हेमला उपस्थित थे।

# घर-घर जाकर कलेक्टर ने की मतदान करने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र का मतदान आगामी शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होगा। पिछले विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान कांकेर नगर में कतिपय वार्डों में मतदान का प्रतिशत कम रहा, ऐसे वार्डों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने घर-घर जाकर मतदाताओं से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपते हुए 26 अप्रैल को मतदान जरूर करने का आग्रह किया तथा एक-एक वोट के महत्व के बारे में नागरिकों को बताया। इस दौरान वे शहर के सुभाष वार्ड, मांझापारा, पुराना बस स्टैण्ड सहित महादेव वार्ड में रहने वाले मतदाताओं के घर और प्रतिष्ठानों में जाकर लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनने की अपील की।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप)



के तहत आज सुबह 7.00 बजे से स्थानीय अन्नपूर्णापारा स्थित मण्डी परिसर से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में मतदान आग्रह टोली निकली, जो सबसे पहले सुभाष वार्ड पहुंची। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर स्थित घरों में जाकर कलेक्टर ने पैदल चलकर युवा, अधेड़, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं से सौजन्य भेंट की और 26 अप्रैल को नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण अधिकार और कर्तव्य का निर्वहन करने का अनुरोध किया। साथ ही सभी जरूरी काम से पहले मतदान करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने वार्ड के मतदाता श्रीमती गणेश्वरी साहू, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, श्रीमती विमला बोरकर, श्रीमती स्वर्णलता-टिंकेश्वर तिवारी, अनिमेश ठक्कर,असलम अली, श्रीमती चन्द्रिका मेश्राम, विजय वासनिक, श्रीमती सारंग बाई सहित कई लोगों से मुलाकात की और अपने हाथों से मनुहार (आमंत्रण) पत्र सौंपकर 26 अप्रैल का दिन याद रखने की समझाइश दी।

सुभाष वार्ड में मनुहार टोली के भ्रमण के दौरान कलेक्टर एक मतदाता दम्पति के घर पहुंचे, जहां पर उनसे शादी की सालगिरह का दिन पूछा तो कहा, याद नहीं। फिर उन्होंने मतदान की तिथि पूछी, जिस पर मतदाता दम्पति ने तपाक से कहा- ष्अगले शुक्रवार 26 अप्रैल को।ष् इस पर कलेक्टर ने उन्हें मतदान के प्रति जागरूक होने की बात कहते हुए परिवार के सभी मतदाताओं से मतदान जरूर करने की अपील की। इसी प्रकार वार्ड के घरों में जाकर वोट करने का आव्हान नागरिकों से किया।

आमंत्रण हेतु भ्रमण के दौरान कलेक्टर सिंह सुभाष वार्ड के दिव्यांग (नेत्रहीन) मतदाता संजय गजभिए के घर पहुंचे। उनके पूछे जाने पर गजभिये दम्पति ने कहा कि वे हमेशा से वोट करते आ रहे हैं और आने वाले शुक्रवार को भी पोलिंग बूथ में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करेंगे। इसी तरह कलेक्टर ने मांझापारा की गलियों में जाकर लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदाताओं से वोट करने की अपील करते हुए जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने किराने की दुकान, फैंसी शॉप, चाय टपरी, सेलून, मॉर्निंग वॉक पर निकले मतदाताओं से मिलकर 26 अप्रैल का दिन याद रखने और वोट डालने का आग्रह किया।

इसी तरह पुराना बस स्टैण्ड स्थित फल दुकान, होटल और रेस्टोरेंट एवं विभिन्न व्यवसायियों की दुकानों में जाकर उन्हें स्वयं वोट करने और सभी मजदूरों व कामगारों को मतदान हेतु अनिवार्यत: अवकाश देने की बात कही। इसके पश्चात् टोली में शामिल लोगों और नागरिकों को कलेक्टर ने जाति, धर्म, पंथ, समुदाय, भाषा से ऊपर उठकर और बिना किसी प्रलोभन अथवा दबाव के स्वविवेक से वोट डालने की शपथ दिलाई।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### आज भी उपयोगी हैं महावीर के संदेश : श्रमण डॉ. पुष्पेन्द्र

**रायपुर ( ए. )।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक (जयंती) के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए श्रमण डॉ पुष्पेन्द्र ने कहा है कि तीर्थंकर महावीर केवल जैनों के नहीं वरन सम्पूर्ण मानवता के भगवान हैं। महावीर उन्हीं लोगों के काम के हैं जो ज्योर्तिमयता में विश्वास रखते हैं। वे ही पहले ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने सरे बाजार में बिकने वाली नारी को बिक्री की वस्तु से हटाकर उसे आमजन मानस में गौरवपूर्ण स्थान दिलवाया। आज जरूरत केवल इतनी-सी है कि भगवान महावीर में आस्था रखने वाला लोग केवल मंदिरों में उनकी पूजा-आरती न करते रहें, अपनी पंथ-परम्पराओं की चारदिवारी में बंधकर न रहें, वरन् उनके द्वारा दिए गए अहिंसा, अनेकांत, समता, समानता, सहयोग जैसे संदेशों को विश्वभर में फैलाने की जी-जान से कौशिश करें फिर वह दिन दूर नहीं जब संयुक्त राष्ट्र संघ में शांति और मैत्री की केवल बातें नहीं होगी वरन् विश्व मैत्री और विश्व शांति का सपना साकार होता दिखेगा। महावीर के संदेश तब भी उपयोगी थे आज भी उपयोगी हैं और सदा उपयोगी बने रहेंगे। वे कभी आउट ऑफ डेट नहीं होंगे, सदा अप-टू-डेट बने रहेंगे।

आगे उन्होंने कहा कि महावीर का म कहता है महान बनो - जहाँ भगवान राम दिए हुए वचन को निभाने की प्रेरणा देने वाले आदर्श-स्तंभ हैं वहीं भगवान महावीर लिए हुए संकल्प पर दृढ़ रहने के आदर्श स्त्रोत हैं। स्वयं महावीर शब्द में गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। महावीर का म महान बनने, ह हिम्मत रखने व वचन निभाने और र रमन करने का पाठ सिखाता है। भले ही सिकन्दर ने पूरी दुनिया को जीता, पर सिकन्दर बनकर दुनिया को जीतना सरल है, पर उसी सिकन्दर के लिए स्वयं को जितना बड़ा मुश्किल है। जो स्वयं को जीतते हैं वही दुनिया में वीरों के वीर महावीर कहलाते हैं।

### उत्कल सांस्कृतिक परिषद ने मनाया उड़िया नववर्ष

**रायपुर।** हर साल की तरह इस साल भी उत्कल सांस्कृतिक परिषद ने महा बिशुभ संस्कृति और




ओडिया नव वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह में 300 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इस अवसर पर पुरंदर मिश्रा (विधायक-उत्तर-रायपुर ) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कई बच्चों ने डांस में हिस्सा लिया।

थ्री डी डिजाइन का हुआ अनावरण, स्वतंत्रता आंदोलन का रहा है साक्षी

# नए सिरे से बनेगा 154 साल पुराना बांके बिहारी मंदिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के नयापारा सदर बाजार में स्थित 154 साल पुराने श्री बांके बिहारी मंदिर जल्द ही थ्रीडी डिजाइन में देखने को मिलेगा। ट्रस्ट के मुताबिक यह मंदिर के डिजाइन पुरातत्व कला का एक नायाब उदाहरण है। यानी पूरा मंदिर बनने के बाद यह क्षेत्रवासियों के लिए एक अद्भूत सौगात साबित होगी। मंदिर के नए डिजाइन का अनावरण रामनवमीं के अवसर पर किया गया। वहीं मंदिर एक करोड़ 51 लाख रुपये की मंदिर के निर्माण में अनुमानित लागत आने की संभावना है।

बताया जाता है कि यह मंदिर,




स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष का जहां साक्षी रहा है। वहीं प्रसिद्ध फिल्मकार स्वर्गीय पृथ्वीराज कपूर ने भी यहां आकर प्रभु के दर्शन किए हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल समेत राधेश्याम बंका, अरूण दुबे आदि उपस्थित रहे।

### इन लोगों ने तैयार की डिजाइन

श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. अशोक अग्रवाल ने कहा कि मंदिर पुरातत्व कला की यह शानदार डिजाइन आने वाले समय में अपनी अद्भुत छटा के लिए जानी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह शानदार थ्रीडी डिजाइन इंजीनियर नीरज गज्जर ने तैयार की। जिन्होंने चंदखुरी कौशल्या माता मंदिर की बाहरी साज-सज्जा की डिजाइन बनाई है।

मंदिर को वास्तु सम्मत बनाने के लिए प्रसिद्ध ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्री सुमित विज की सेवाएं ली गई है। मंदिर का सभी लेआउट व टूडी डिजाइन का कार्य इंटीरियर डेकोरेटर अनीशा नारायण अग्रवाल ने तैयार की है। साथ ही इंजीनियरिंग कालेज के प्रोफेसर डा. मोहनलाल अग्रवाल, इंजीनियर अजय गर्ग और डा. अशोक अग्रवाल द्वारा स्ट्रक्चरल डिजाइन तैयार की गई है।

### निर्माण की देखरेख के लिए 21 नए ट्रस्टी

ट्रस्टी सचिव सुरेश चौधरी ने बताया कि, नए बनने मंदिर के लिए अलग से निर्माण समिति गठित की है। इसमें निर्माण समिति के अध्यक्ष डा. मनोज मुरारी लाल अग्रवाल, सचिव नंदकिशोर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अजय खेतान को बनाए गए है। इसके अलावा संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, विकास गजानंद अग्रवाल, मनोज सियाराम अग्रवाल, संपत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुनील रामदास अग्रवाल, सुनील अग्रवाल समेत कुल 21 नए ट्रस्टी बनाए जाएंगे।

# क्या कहता है बस्तर में बढ़ा हुआ वोट प्रतिशत, किसे होगा फायदा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में पहले चरण में हुए मतदान में बम्पर वोटिंग हुई। हर बार हुए लोकसभा चुनाव की तरह साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी वोट प्रतिशत पिछली बार से बढ़ा। साल 2019 में बस्तर लोकसभा सीट पर वोट प्रतिशत 66.19 प्रतिशत था, जो इस बार बढ़कर 67.56 प्रतिशत हो गया है। इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि बस्तर में वोट प्रतिशत की थ्योरी बिल्कुल अलग है।

बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में 67.56 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। इस लोकसभा सीट की 8 विधानसभा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा बस्तर में 83.05 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसके बाद चित्रकोट विधानसभा सीट पर 75.21 प्रतिशत मतदान, जगदलपुर




में 74.20, कोंडागांव में 75.86 प्रतिशत, दंतेवाड़ा में 67.06 प्रतिशत, नारायणपुर में 66.05 प्रतिशत, कोंटा में 54.31 फीसदी मतदान और बीजापुर में 42.50 प्रतिशत मतदान हुआ। जानकारों का मानना है कि ये पहली बार नहीं है जब बस्तर में चुनाव के दौरान वोट प्रतिशत बढ़ा है। जब-जब वहां चुनाव हुए हैं, आदिवासी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर वोट डाला। सूरज उगने के साथ ही वोटर्स भी पोलिंग बूथ पर लाइन में खड़े हो जाते हैं। मतदान को लेकर

**छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से अब तक मतदान प्रतिशत**

| साल | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| 2004 | 43.33 फीसद |
| 2009 | 47.34 फीसद |
| 2014 | 59.32 फीसद |
| 2019 | 66.19 फीसद |
| 2024 | 67.56 फीसद |

हर बार बढ़ा वोट प्रतिशत

महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला है।

बस्तर लोकसभा चुनाव के वोट प्रतिशत के आंकड़ों पर नजर डाले तो हर बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। साल 2004 में बस्तर लोकसभा चुनाव में मतदान 43.33 फीसद हुआ। 2009 में 47.34 प्रतिशत, साल 2014 में 59.32 फीसदी वोटिंग हुई। साल 2019 में 66.19 प्रतिशत और साल 2024 में 63.41 प्रतिशत हुआ। बस्तर में वोट प्रतिशत बढ़ने से चुनाव आयोग उत्साहित है, लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि वोट प्रतिशत बढ़ने का किसी राजनीतिक दलों को फायदा होगा ऐसा नहीं है। जानकारों के मुताबिक, बस्तर में हमेशा से ही वोट प्रतिशत बढ़ा है। इसके लिए चुनाव आयोग का जागरूकता अभियान, सरकार का काम, राजनीतिक पार्टियों के प्रचार का असर हो सकता है। लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि इसका फायदा विपक्ष को होगा। पहले के ज्यादातर परिणाम भाजपा के ही पक्ष में रहे हैं। यदि 2019 लोकसभा चुनाव छोड़ दिया जाए तो लगातार बस्तर में मतदान का प्रतिशत बढ़ने के बावजूद भाजपा ही जीतती आई है। यही वजह है कि इस बार चुनाव परिणाम क्या होगा, इसको लेकर कुछ भी कह मुश्किल है। जानकारों का कहना है कि वोट प्रतिशत की अलग थ्योरी, अलग कहानी, अलग केमिस्ट्री हैं। बस्तर में हर बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। इस बार भी बढ़ेगा। कांटे की टक्कर है।

# संस्था ने किया दाना सकोरा व कोटना का नि:शुल्क वितरण




**रायपुर ( ए. )।** संस्था बढ़ते कदम मानव सेवा के साथ साथ बेजुबान पक्षियों एवं पशुओं की सेवा के लिए भी हमेशा प्रयासरत रहती है।

संस्था के प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं अजय वलेचा ने बताया कि हर वर्ष संस्था द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टाल लगाकर दाना सकोरा व कोटना का (नि:शुल्क) वितरण किया जाता है। इसलिए आप सभी महानुभावो से निवेदन हैं कि यदि आप भी बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा करने का भाव रखते हैं ,तो संस्था कार्यालय देवेंद्र नगर,मुक्तिधाम के अंदर किसी भी समय आकर दाना,सकोरा,एवं कोटना नि:शुल्क प्राप्त कर सकते है। संस्था के अध्यक्ष सुनील छतवानी एवं संस्था महासचिव सुनील पेशवानी नें बताया कि विगत 17 वर्षों से संस्था द्वारा *लगभग 90000 सकोरे एवम दाने के पैकेट* एवम *11000 कोटना* का वितरण अब तक किया जा चुका है। संस्था जनमानस से अपील करती है की अपने घर की छत, मुंडेर, आंगन में एवं ऑफिस,दुकान में प्रतिदिन पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत पहुचाने के लिए दाना पानी की व्यवस्था अवश्य कर खुद भी सेवा करें,औरों को भी प्रेरित करें ।

# जीएसटी कलेक्शन 20 हजार करोड़ रूपए पार

**रायपुर ( ए. )।** राज्य कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 20,000 करोड़ टैक्स कलेक्शन के माइल स्टोन को पार कर लिया। विभाग ने कुल 20,361 करोड़ रुपए जीएसटी और वैट जमा कराया। पिछले वर्ष की तुलना मे जीएसटी में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है।

प्रवर्तन शाखा द्वारा केवल अंतिम तीन महीनो में 45 व्यवसायियों की जांच से 32 करोड़ रुपए जमा कराये, 14 बोगस फर्मों का भंडाफोड़ किया और ई वे बिल जांच से 8 करोड़ 61 लाख की टैक्स और पेनल्टी जमा कराई गई। स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा कर चोरी रोकने के लिए एडवांस आई टी टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। विभाग द्वारा करदाताओं की सुविधा के लिए और राज्य में जीएसटी से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनस (EODB) सेल का भी गठन किया गया है। इसी तारतम्य में जीएसटी की टोल फ्री हेल्पलाइन भी शुरू की गई है। राज्य कर आयुक्त द्वारा चेम्बर ऑफ कॉमर्स, टैक्स बार एसोसिएशन, चार्टर्ड अकाउंटेंट तथा अन्य सभी व्यावसायिक संगठनो और छोटे व्यापारियों से लगातार संवाद हेतु एक आउटरिच कार्यक्रम भी घोषित किया है, जिसके अंतर्गत राज्य कर आयुक्त खुद महीने में तीन बार इन संगठनों के साथ बैठक करेंगे साथ ही वृत्त और जिला स्तर पर भी संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी व्यापारियों से मिल कर उनकी समस्याओं को जानेंगे और उन्हे दूर करने का प्रयास करेंगे।

विभाग, कर प्रशासन को साफ और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य कर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे नियमों के अनुरूप और राजस्व हित मे ही कार्य करें। कार्य मे लापरवाही और अनियमितता की शिकायत पर आयुक्त द्वारा महासमुंद के राज्य कर अधिकारी नन्द कुमार कुर्रे को निलंबित कर दिया गया है। चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए बांटे जाने वाले वस्तुओं के परिवहन की जांच के लिए ओड़ीशा राज्य की अंतरराज्यीय सीमा पर अवस्थित चेक पोस्ट पर ड्यूटि के दौरान श्री कुर्रे द्वारा अनियमितता किए जाने की शिकायत मिली थी जिसे गंभीरता से लेते हुये प्रारम्भिक जांच पश्चात आयुक्त ने उन्हे निलंबित किया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय संभाग एक रायपुर होगा।

राज्य कर आयुक्त द्वारा संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक एवं दो की 18 एवं 19 अप्रैल को ली गई समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्तों को भी निर्देशित किया गया कि वें भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखें और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करें। संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक द्वारा दो राज्य कर निरीक्षकों दीपा उधवानी तथा विमल खांडेकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार रायपुर संभाग दो के संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ 5 अधिकारियों श्वेता चंद्राकार, सहायक आयुक्त प्रभाकर उपाध्याय राज्य कर अधिकारी, राकेश अरोरा, राज्य कर अधिकारी, प्रीति बघेल और मुकेश कश्यप सहायक ग्रेड-3 को कारण कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

लंबे समय तक ड्यूटी से गायब आरक्षक बर्खास्त

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी बने कॉप ऑफ द मंथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ( ए. )।** पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने के लिए एसएसपी संतोष सिंह ने हर महीने 'कॉप ऑफ द मंथ' पुरस्कार देने की शुरुआत की है।

निरीक्षक सचिन सिंह थाना प्रभारी मंदिर हसौद के द्वारा चुनाव आचार संहिता के दौरान कैश, शराब व ड्रग्स आदि की धरपकड़ में प्रभावी कार्यवाही, प्रधान आरक्षक सत्यवान भगत यातायात के द्वारा बीट क्षेत्र में लगन व मेहनत से यातायात संचालित करने का कार्य, आरक्षक टीकम साहू कार्यालय सीएसपी विधानसभा के द्वारा सौपे गये कार्यो को सुचारू रूप से संपादन करने, आरक्षक दिलीप जांगड़े एसीसीयू द्वारा पांच अलग-अलग सोने की चेन लूट के आरोपियों को पकड़ने में योगदान हेतु, सउनि सैय्यद इरफान व आरक्षक मुनीर रजा एसीसीयू द्वारा देश भर में नकली सोना को गिरवी रखकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग को पकड़ने हेतु, उपनिरीक्षक सुनील वर्मा व प्रधान आरक्षक भुनेषश्वर साहू को थाना



विधानसभा द्वारा आमासिवनी में पुलिसकर्मी की पत्नि जॉली के हत्याकांड के आरोपियों की पतासाजी के लिए, आरक्षक नितेष सिंह राजपूत एसीसीयू द्वारा 601 गुम-चोरी की मोबाईल की बरामदगी हेतु, आरक्षक खिलेष्वर साहू थाना मंदिर हसौद द्वारा ऑनलाईन फ्राड की शिकायत पर रकम वापसी व मोबाईल वापसी संबंधी सराहनीय कार्य हेतु, ट्रांसजेंडर आरक्षक शंकर यादव थाना टिकरापारा द्वारा थाने के सौंपे गये कार्यो को अत्यंत ही लगन व मेहनत से कार्य संपादन करने पर, आरक्षक केशव सिन्हा एसीसीयू द्वारा निजात अभियान के तहत बड़ी संख्या में नशीले टेबलेट व गांजा आदि के धरपकड़ में प्रभावी कार्यवाही किये जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से एसपी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएसपी अमन झा सहित अन्य कार्यालयीन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

चुने गए कर्मचारियों को नगद ईनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र के साथ ही उनका फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और जिले के सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए लगा रहेगा। इससे दूसरे पुलिसकर्मी भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। एसएसपी ने कहा कि जनता से अच्छा व्यवहार जिम्मेदारी एवम निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हमेशा सम्मानित किया जाएगा वही अवैध काम में लिप्त व अनुशासनहीनता व पदीय कर्तव्य निर्वहन में लापरवाहीपूर्ण आचरण करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही मार्च माह में एक को सेवा से पृथक और तीन को निलंबित किया गया। महिला आरक्षक ज्योति ठाकुर रक्षित केन्द्र को पिछले तीन साल से कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर सेवा से बर्खास्त किया गया। दो आरक्षकों को अभिरक्षा से बंदी के के फरार हो जाने पर और एक आरक्षक को ड्यूटी के दौरान शराब सेवन कर रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर हो-हल्ला करने पर निलंबित किया गया है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# लेडी सिंघम दीपिका का धांसू पोस्टर हुआ रिलीज



सिंघम अगेन को लेकर लेटेस्ट अपडेट आया है। रोहित शेट्टी इस बार कॉप यूनिवर्स में ऐसा धमाल मचाते नजर आ रहे हैं, जिससे पूरा बॉक्स ऑफिस हिल सकता है। अजय देवगन की इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी में दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने पहले भी फिल्म के कई पोस्टर रिलीज किए थे। लेकिन ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण को वो फिल्म का एक्स फैक्टर बनाना चाहते हैं। तभी तो उन्होंने दीपिका पादुकोण की एंट्री कॉप यूनिवर्स में करवाई और उन्हें लेडी सिंघम बना डाला। यही नहीं, उन्होंने तो दीपिका पादुकोण को अपना हीरो तक बता डाला है।

रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में देखा जा सकता है कि दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए रोहित शेट्टी ने लिखा है, 'मेरी हीरो।।रील में भी और रियल में भी। लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण।' इस तरह उन्होंने इशारा कर दिया है कि सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण जमकर धमाल मचाने जा रही हैं और इसमें उनका किरदार कमाल का रहने वाला है।

दीपिका पादुकोण यानी लेडी सिंघम को इस पोस्टर में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है। उनकी आंखों पर चश्मा है और सिंघम वाला पोज है। दीपिका पादुकोण की इस फोटो पर खूब कमेंट भी आ रहे हैं। एक फैन ने लिखा है कि यह देखना जरूरी है। पुलिस यूनिफॉर्म में दीपिका पादुकोण ताकतवर लग रही हैं। वहीं एक फैन ने लिखा है कि शक्ति शेट्टी के लिए और इंतजार नहीं होता। सिंघम अगेन में अजय देवगन, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफऔर अक्षय कुमार भी नजर आएंगे।

# बोल्डनेस की भरमार 'एलएसडी-2' का पहले दिन हुआ क्या हाल




### ओपनिंग डे पर इतने अमाउंट से खोला खाता?

2010 में आई राजकुमार राव की लीड एक्टर के तौर पर डेब्यू मूवी एलएसडी ने उनके करियर को उड़ान देने के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री में उनके कदम भी मजबूत किए। अब मेकर्स एलएसडी 2 लेकर हाजिर हुए हैं। इंटरनेट की दुनिया में दूसरी तरफक्या होता है इसकी सच्चाई दिखाती बोल्ड और सेंशुएस कंटेंट से लबरेज फिल्म एलएसडी 2 ने दस्तक दी है। मनोरंजन जगत में इस महीने एक से बढ़कर एक फिल्मों ने थिएटर्स में दस्तक दी है। एक्शन फिल्मों के जॉनर के बीच कुछ रोमांटिक और लीक से हटकर एक सच को दिखाती मूवीज ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दी है।

### बोल्ड कंटेंट से भरी 'एलएसडी-2' रिलीज

इस महीने की शुरुआत में अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज हुई। फिल्म टिकट विंडो पर एक रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इसके मुकाबले उसी दिन सिनेमाघरों में आई अजय देवगन की 'मैदान' एवरेज कलेक्शन के साथ आगे बढ़ रही है। इन दो बड़ी फिल्मों के बज के बीच 19 अप्रैल को बोल्ड कंटेंट से भरी 'एलएसडी 2' ने थिएटर्स में एंट्री ली।

### 'एलएसडी 2' ने ली इतनी ओपनिंग

फिल्म के पहले पार्ट की सक्सेस के बाद मेकर्स ने दूसरा पार्ट रिलीज किया है। मूवी को रिलीज करने से पहले जमकर प्रमोट किया गया। उर्फी जावेद ने 'एलएसडी 2' से बॉलीवुड डेब्यू किया है। वहीं, ट्रांसजेंडर एक्ट्रेस बोनिता राजपुरोहित की भी ये पहली बॉलीवुड फिल्म है। इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुई 'बड़े मियां छोटे मियां' ने 15.65 करोड़ से ओपनिंग ली थी। 'मैदान' ने 2.6 करोड़ से टिकट विंडो पर शुरुआत की थी। अगर इन मूवीज के मुकाबले 19 अप्रैल को रिलीज हुई 'एलएसडी 2' का ओपनिंग कलेक्शन देखें, तो फिल्म ने 15 लाख से खाता खोला है। यह सैकनिल्क द्वारा दिए गए शुरुआती अनुमान के आंकड़े हैं।

### मल्टीपल स्टोरीज को दिखाती है फिल्म 'एलएसडी 2'

दिबाकर बनर्जी के डायरेक्शन और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी 'एलएसडी 2' मल्टीपल स्टोरीज को दिखाती एक फिल्म है। एक में रियलिटी शो में 'ट्रांसजेंडर' की टीआरपी बढ़ने के किस्सों की कहानी दिखाई जाती है। दूसरी में मेट्रो के लिए सेवाएं प्रदान करने वाली एक एजेंसी में काम करने वाली एक और ट्रांसजेंडर, उसके आशिक और उसकी बॉस की है। तीसरी कहानी में आकर वर्चुअल रियलिटी और इसके मूल किरदार न्यूडिटी की हद को पार कर देते हैं।

# लव आज कल-2 की एक्ट्रेस आरुषि ने गुपचुप रचाई शादी

कार्तिक आर्यन की रोमांटिक फिल्म लव आज कल 2 से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं अदाकारा आरुषि शर्मा को लेकर इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि आरुषि ने बिना किसी शोर-शराबे की शादी रचा ली है। इंडस्ट्री के एक जाने-माने कास्टिंग डायरेक्टर को उन्होंने अपना हमसफर बना लिया है। इस बीच सोशल मीडिया पर उनकी वेडिंग फोटो जमकर वायरल हो रही हैं।



डायरेक्टर इम्तियाज अली की रोमांटिक फिल्म लव आज कल 2 से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं अभिनेत्री आरुषि शर्मा को लेकर इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि आरुषि ने अपने जीवन की नई पारी का आगाज कर लिया है और शादी रचा ली है। इंडस्ट्री के फेमस कास्टिंग डायरेक्टर वैभव विशांत के साथ उन्होंने गुपचुप तरीके से सात फेरे लिए हैं।

लव आज कल 2 एक्ट्रेस बनी दुल्हनिया

वेब सीरीज काला पानी में आखिरी बार अपनी अदाकारी का हुनर दिखाने वालीं आरुषि शर्मा ने अपना जीवनसाथी चुन लिया है। ई टाइम्स की खबर के अनुसार 18 अप्रैल को उन्होंने बिना किसी शोर-शराबे के हिमाचल प्रदेश में शादी रचाई है। आरुषि और वैभव की ये वेडिंग बेहद प्राइवेट रही, जिसमें दोनों की फैमिली और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल हुए हैं। इस दौरान आरुषि शर्मा की शादी की तस्वीरें भी खूब वायरल हो रही हैं, जिनमें एक्ट्रेस पेस्टल कलर का शादी का जोड़ा पहने हुए दिखाई दे रही हैं। दुल्हनिया बन आरुषि हद से ज्यादा खूबसूरत लग रही हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर अपनी शादी का एलान नहीं किया है। बात की जाए आरुषि के पति और कास्टिंग डायरेक्टर वैभव विशांत के बारे में तो वो बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के फेमस कास्टिंग निर्देशक हैं। उन्होंने अब तक बड़े मियां छोटे मियां, पीके, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बदलापुर जैसी करीब 50 फिल्मों के लिए कास्टिंग डायरेक्टिंग की है।

इन फिल्मों के लिए जानी जाती हैं आरुषि 2020 में लव आज से डेब्यू करने के बाद आरुषि शर्मा बतौर एक्ट्रेस ओटीटी फिल्म जादूगर और तमाशा जैसी मूवीज में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा वेब सीरीज काला पानी में अपनी कमाल की एक्टिंग से उन्होंने हर किसी का दिल जीता है।

# रोहित शेट्टी के शो में नीति टेलर की होगी एंट्री!

## खतरों के खिलाड़ी 14 में मचेगा तहलका



रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए अब तक मन्नारा चोपड़ा, अभिषेक मल्हान, अभिषेक कुमार, मनीषा रानी, समर्थ जुरेल, निमृत कौर अहलूवालिया, हेली शाह से संपर्क किया गया है। अब एक और दिलचस्प अपडेट में ये कहा गया है कि बड़े अच्छे लगते हैं 2 में प्राची का किरदार निभाने वाली नीति टेलर को मेकर्स ने अप्रोच किया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, नीति टेलर जो पार्थ समथान की कैसी ये यारियां में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं, से रोहित शेट्टी के शो के निर्माताओं ने संपर्क किया है। हालांकि नीति ने अभी शो के लिए हां नहीं किया है। ऐसा कहा जा रहा है कि एक्टेस को प्रस्ताव पसंद आया है, लेकिन अभी शो में जाने लिए वह थोड़ा समय ले रही हैं।

खतरों के खिलाड़ी 14 के बारे में बात करते हुए कहा गया है कि निमृत कौर अहलूवालिया, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल और गशमीर महाजनी को शो के लिए कन्फर्म कर दिया गया है। वहीं कल समर्थ जुरैल ने निमृत कौर अहलूवालिया के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिससे फैंस को लग रहा है कि क्या खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। इसके अलावा मुनव्वर फारुकी रोहित शेट्टी के शो में शामिल होने वाले थे। स्टैंड-अप कॉमेडियन से रियलिटी स्टार बने अभिनेता ने भी खतरों के खिलाड़ी 14 के निर्माताओं को अपनी सहमति दे दी है। हालांकि, उन्हें शो से पीछे हटना पड़ा क्योंकि उनके वीजा में कुछ समस्याएं थीं, जिस वजह से वह शो नहीं कर पाएंगे।

# गर्मियों में आरामदायक और ट्रेंडी दिखने के लिए वॉर्डरोब में शामिल करें ये फुटवियर्स

फुटवियर किसी भी लुक को पूरा करने के लिए सबसे जरूरी है और इसे ही सबसे ज्यादा इग्नोर किया जाता है। गर्मियों के मौसम में अगर आपको स्टाइलिश और कम्फर्टेबल दिखना है, तो इन ट्रेंडी फुटवियर्स को ट्राई करें। इस बार गर्मियों में स्टाइलिश दिखने के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इस तरह के फुटवियर्स। फुटवियर किसी भी पहनावे का एक बेहद जरूरी हिस्सा है, जो लुक को बना भी सकते हैं और बिगाड़ भी सकते हैं। यहां कुछ ट्रेंडिंग समर फुटवियर दिए गए हैं, जो आपके वॉर्डरोब में जरूर होने चाहिए।

चमड़े के चप्पल- लेदर सैंडल गर्मी के मौसम में पहनने के लिए आरामदायक और हवादार होते हैं और शॉर्ट्स, स्कर्ट और जींस के साथ अच्छे लगते हैं। लेदर सैंडल्स हर चीज़ के साथ मेल खाते हैं, साथ ही आपके एथनिक वॉर्डरोब को भी कवर करते हैं।

क्लॉग्स - क्लॉग्स मुख्य रूप से पैरों को सुरक्षा प्रदान करते हैं, जो खेती करने वाले और कारखानों में काम करने वाले मुख्य रूप से पहने हैं। पहले, ये किसानों और मजदूर वर्ग के सस्ते और लोककथाओं के जूते से जुड़े थे, जो स्वीडिश और जापानी धरती से भारत आए थे। हालांकि, आज से एक फैशन स्टेटमेंट बन चुके हैं। गर्मियों के लिए ये जूते सांस लेने योग्य हैं और पैरों को ठंडा रखने के साथ ही अधिक गर्मी से भी बचाते हैं।

कोल्हापुरी- कोल्हापुरी चप्पल में उपयोग किए जाने वाले चमड़े में कोई एलर्जी विशेषता नहीं होती है और यह नरम, रेशमी और हल्के आधार के साथ आते हैं। ये शरीर की गर्मी और पसीने को भी अवशोषित करते हैं और डॉक्टरों द्वारा इन्हें पहनने की सलाह दी जाती है।

एस्पैड्रिल्स- एस्पैड्रिल्स कपास, लिनन और कैनवास जैसी हल्की सामग्री से बने होते हैं। वे मुख्य रूप से गर्मी के दिनों में पहनने के लिए डिजाइन किए गए होते हैं, जो सांस लेने योग्य और आरामदायक होते हैं। ये अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में आते हैं, जो इसे गर्मियों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।

म्यूल्स- म्यूल्स ऊंची एड़ी के जूते का एक आदर्श विकल्प हैं और इन्हें पहनना आसान है। इसे पहनकर चलना आरामदायक होता है साथ ही ये आपको ठंडा भी रखते हैं। चाहे वह ओपन हो या कोल्स टिप। म्यूल्स महिलाओं के बीच काफी पॉपुलर होते जा रहे हैं और अब पुरुष भी उन्हें अपने समर वार्डरोब में शामिल करने लगे हैं।

# 'सिकंदर' के बाद सलमान की एक और बड़ी फिल्म!

## स्क्रिप्ट कम्पलीट अब भाईजान की 'हां' का इंतजार

सलमान खान की इस साल भले ही ईद पर कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई लेकिन अगली ईद पर आपको भाईजान से थिएटर्स में मिलने का मौका जरूर मिलेगा। 'द बुल' और 'सिकंदर' जैसी फिल्मों को लेकर चल रही बातचीत के बीच एक और बड़ी जानकारी सामने आई है।



मुंबई में सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की वजह से माहौल में थोड़ा तनाव जरूर आया, लेकिन दबंग खान बैकफुट पर आने के मूड में जरा भी नहीं दिखे। काम से संबंधित सलमान खान का शेड्यूल प्लानिंग के मुताबिक ही चल रहा है। पिछले दिनों ही सलमान खान ने अपनी अगली फिल्म 'सिकंदर' का अनाउंसमेंट किया था और इसकी शूटिंग के सिलसिले में वो हाल ही में दुबई भी रवाना हुए हैं। फैंस अपने फेवरिट सुपरस्टार की नई फिल्म देखने के लिए उत्सुक हैं और इसी बीच एक और खुशखबरी आ गई है।

### बजरंगी भाईजान 2 की स्क्रिप्ट कम्पलीट!

खबर है कि 'बाहुबली' और 'बजरंगी भाईजान' की स्क्रिप्ट लिख चुके राइटर वी विजयेंद्र प्रसाद ने 'रसलान' की प्रेस मीटिंग के दौरान कन्फर्म किया है कि 'बजरंगी भाईजान 2' की स्क्रिप्ट पूरी कर ली गई है और जल्द ही इसे सलमान खान को सुनाया जाएगा। साल 2015 में आई सलमान खान की यह फिल्म बजरंगी भाईजान ब्लॉकबस्टर हिट थी और तभी से लोग इस फिल्म के सेकेंड पार्ड की डिमांड कर रहे थे।

### सलमान की इस फिल्म का भी है इंतजार

दबंग खान ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो जल्द ही और फिल्मों का अनाउंसमेंट करेंगे। तो क्या इनमें से एक बजरंगी भाईजान-2 भी हो सकती है? कम से कम फैंस तो यही चाहते हैं। माना जा रहा था कि वो फिल्म द बुल पर भी काम करेंगे। हालांकि इस बारे में कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट अभी तक नहीं आया है। फिल्म की कहानी की बात करें तो इस फिल्म में सलमान खान को भारतीय सेना के जर्नल फारुख बुलसरा का किरदार निभाते देखा जा सकता है। यह फिल्म 'ऑपरेशन कैक्टस' पर आधारित होगी।

### कृति सैनन के साथ नजर आएंगे सलमान

बात बजरंगी भाईजान की करें तो कबीर खान ने भी हिंट दिया था कि वो जल्द ही सुपरस्टार सलमान के साथ एक फिल्म करेंगे। उन्होंने कहा था कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर अभी काम चल रहा है और इसके पूरा होते ही वो नरेशन और बाकी चीजों पर काम शुरू कर देंगे। बात अगर 'सिकंदर' की करें तो खबर है कि इस फिल्म में कृति सैनन सलमान खान के अपोजिट नजर आ सकती हैं। दबंग खान की पिछली 2 फिल्में 'किसी का भाई किसी की जान' और 'टाइगर-3' सुपरहिट रही थीं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कांग्रेस का चरित्र ही है दूसरों का हड़पना और भ्रष्टाचार करना : शिवरतन शर्मा

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस का चरित्र ही है कि दूसरों के हक के छीनना और उसे हड़पना है। अगर मौका मिले तो वे भ्रष्टाचार करने से भी नहीं चूकते। इसका जीता जागता उदाहरण जनता ने कांग्रेस की भूपेश सरकार के 5 सालों में बखूबी देखा और सुना है। कांग्रेसियों की लूट-खसोट और सत्ता पाते ही जमकर भ्रष्टाचार करके अपनी तिजोरी भरने की भूख इस कदर बढ़ जाती है कि वे अपने कार्यकर्ताओं तक को नहीं छोड़ते हैं। कांग्रेस की सरगुजा से लोकसभा प्रत्याशी रश्मि सिंह पर भाजपा ने आरोप लगाते हुए कहा, एक कांग्रेसी नेता ने ही रश्मि सिंह पर अपनी जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। उन्होंने शशि सिंह, और उनकी मां पुष्पा देवी सिंह के खिलाफलिखित शिकायत की है। इसकी पोल पट्टी जब जनता के सामने खुल गई है तो बौखलाए कांग्रेसी उल्टा चोर कोतवाल वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रहे है। जो निंदनीय और तुच्छ और कांग्रेसियों की संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। अपने पार्टी के अंदर मचे घमासान और गुटबाजी को संभालने के बजाए कांग्रेसी हर चीज के लिए भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेसियों की बुद्धि उस समय घास चरने चली गई थी, जब उनके पार्टी के पदाधिकारी ने कांग्रेस के फंड में करोड़ों रुपए गबन करने का सबूत सहित आरोप लगाए थे। क्या, हुआ उस मामले को भी संज्ञान में लेने के बजाए कांग्रेस ने भूपेश बघेल के सलाहकार रहे विनोद वर्मा को बचाने का काम किया। किसके इशारे पर कांग्रेस पार्टी के फंड के पैसे में गबन किया गया है। नियम विरूद्ध पार्टी के फंड में घपलेबाज पदाधिकारी के खिलाफक्या कार्रवाई हुई। इसे भी सरगुजा ही नहीं प्रदेश की जनता जानना चाहती है। आज जब कांग्रेस पार्टी के नेता ने कांग्रेस प्रत्याशी पर रायपुर में जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। इसकी बकायदा थाने में शिकायत की है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को जैसे सांप सूंघ गया है और फिर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

### ग्रामीणों के मध्य किया गया बी-1 वाचन और सामूहिक मतदाता शपथ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर साहू के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) और एआरओ बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा नागरिकों के कार्यस्थल में जाकर गांव के राजस्व रिकार्ड का "बी-1 वाचन" किया गया ताकि भूमि स्वामियों को उनके कई प्रकार के समस्या का समाधान किया जा सके। सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी की उपस्थिति में इस अभियान के दौरान मतदाता जागरूकता का सामूहिक शपथ लिया गया। जिला प्रशासन के सभी दलों के द्वारा मतदान के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार कमलेश सिदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, राजस्व सहयोगी, कोटवार आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राजस्व मामलों में जिला राजस्व प्रशासन का अमला उनके घर पहुंच सेवा प्रदान किया है। भुइया कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के द्वारा इसे डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इसका उद्देश्य है कि जिले के नागरिकों को उनकी राजस्व भूमि के संबंध में जानकारी मिले। उनका नाम, उनके भूमि रिकार्ड में है कि नहीं। इसका पता सावर्जनिक रूप से चौपाल के माध्यम से उनके गांव, मोहल्ला आदि में मिले। राजस्व अमला द्वारा भूमि के खसरा नंबर, भूमि स्वामी का नाम, भूमि स्वामियों के संबंधियों का नाम आदि को पढ़कर उनको जानकारी दी गई और साथ ही किसी प्रकार का दावा-आपत्ति को निराकरण के लिए स्वीकार किया गया। वर्तमान में बी-1 खसरा ऑनलाइन छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग ने बी-1 खसरा ऑनलाइन चेक एवं डाउनलोड करने की सुविधा दिया है।

# हीप हॉप जुम्बा, साधु बॉयस, इंडियन सावन और हवाएं द बैंड की शानदार प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद। जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने अनोखी पहल की जा रही है। फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का अनोखा आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच "मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान" जागरूकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बी.टी.आई. रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आज दूसरे दिन फूड फेस्टिवल में लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी।**



लोग कार्यक्रम का लुत्फ उठाने लाइन में खड़े होकर भीतर प्रवेश कर रहे थे। पहले दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने चौपाटी पहुंचकर मतदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपनी कलाई पर मतदाता जागरूकता बैंड भी पहना। साथ ही मंच पर मतदाता जागरूकता का संदेश भी दिया।उन्होंने कहा कि महासमुंद के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि इस लोकसभा चुनाव में घरों से निकलकर वोट करें। लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है। उन्होंने नए और युवा वोटर्स से खास अपील की।

इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक सहित जिला अधिकारी और कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। तीनों दिन खाने के शौकीनो के लिए अलग अलग देशी और चायनीश फूड स्टाल लगाए गए हैं। यहां भी भारी भीड़ दिखी। संगीत प्रेमी सहित आम नागरिकों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा संध्या 06:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक संगीतमय प्रस्तुति भी दी जा रही है। 19 अप्रैल को उद्घाटन समारोह के अवसर पर मशहूर एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, शब-ए-अमन व रैपर अंकित एंड साधु बॉयस द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। इनकी प्रस्तुति पर झूमते नजर आए। इसी तरह द्वितीय दिवस 20 अप्रैल को एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, हवाएं द बैंड एवं सावन द बैंड की शानदार प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। आज अंतिम दिन 21 अप्रैल समापन समारोह के अवसर पर एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, स्पेशल परफॉर्मेंस एवं इंडियन रोलर के कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा शासकीय स्टाल लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, जिला पंचायत, बिहान, शिक्षा, नगरीय निकाय का स्टॉल लगाया गया है। स्थानीय खेल भी शामिल इस दौरान अंचल के स्थानीय खेल जैसे सांखली, कबड्डी, कुर्सी दौड़ आदि को शामिल किया गया है। महिलाएं इसमें उत्साह पूर्वक भाग ले रही हैं।

#### मतदाता जागरूकता की पहल

फूड फेस्टिवल में पहुंचे कई लोगो ने कहा की यह जिले में मतदाता जागरूकता के लिए एक अनूठी पहल है।युवा वोटर्स को लुभाने यह शानदार कार्यक्रम है। महासमुंद के अभिज्ञान, शुभम और उनके दोस्तों ने इसे शानदार कार्यक्रम बताया।वहीं परिवार के साथ पहुंची श्वेता और दीपक ने कहा की परिवार के साथ आकर यहां अच्छा लगा। जिला प्रशासन का यह तरीका प्रभावी है।

#### शतप्रतिशत मतदान के लिए शपथ

कार्यक्रम के दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई जा रही है। स्वीप के नोडल श्री एस आलोक और सहायक नोडल श्री रेखराज शर्मा लगातार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को उनके मतदान के प्रति कर्तव्य को याद दिलाते हुए संकल्प दिलवा रहे हैं। ग्राम तमोरा के विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की महिला सदस्यों ने नृत्य शैली में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। उनकी प्रतुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

#### जिला प्रशासन की अपील

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि फूड फेस्टिवल में आकर अवश्य देशी और विभिन्न तरह के व्यंजनों के साथ गीत और संगीत का आनंद उठाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुंचाए।

## निर्वाचन का कार्य पूरी गंभीरता के साथ समय पर पूरा करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र 7 दुर्ग के निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (ऑब्जर्वर) एस. बी. शेट्टीनावर (आई.ए.एस.) व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी पटन्नाशेट्टी (आई. आर.एस.) और पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आई. पी. एस.) ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली।

इससे पहले उन्होंने ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर पहुँच कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दिये मतगणना की पूरी तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी परिसर से मतदान दलों को सामग्री वितरण की जाएगी।

कलेक्टर ने दलों के आने - जाने,सामग्री वितरण,वाहन पार्किंग आदि की जानकारी दी। इसके बाद प्रेक्षकों ने जिला पंचायत कार्यालय स्थित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) के लिए स्थापित कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन पूर्ण पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने एक्सपेंडिचर कक्ष का भी अवलोकन किया।

## एफएसटी एसएसटी दल सक्रियता के साथ करे कार्य लापरवाही पर की जाएगी कड़ी कार्यवाही : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में तैयारियां अंतिम चरणों में है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल लगातार निगरानी बनाए हुए निर्वाचन की सभी तैयारियों को पूर्ण कराने में जुटे हुए हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने आज एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसएसटी-एफएसटी दलों, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरी निकायों के सीएमओ की बैठक ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के अधिकारियों के द्वारा जिले में की जा रही निगरानी, अवैध सामग्रियों के परिवहन पर कार्यवाही एवं जांच नाकों में वाहनों की जांच के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चुनावी मोड में सक्रिय होकर सभी दलों को कार्य करने के निर्देश दिए। जांच नाको में सभी वाहनों को सही तरीके से जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा की निर्वाचन कार्यों को गंभीरता पूर्वक पूर्ण करते हुए सक्रियता से दायित्व का निर्वहन किया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में स्थैतिक निगरानी दल के चार अधिकारीगण अनुपस्थित रहे। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वीसी बैठक में संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) विकसित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने आज वीसी के माध्यम से बैठक में जिले के सभी मतदान केदो में की जा रही अंतिम तैयारियों की जानकारी जनपद पंचायत के सीईओ एवं नगरी निकायों के सीएमओ से ली। उन्होंने आदर्श मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी लेते हुए विशेष थीम आधारित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर पानी, छाया एवं आवश्यकता अनुसार बैठक व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं के तहत पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, पानी की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओ के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष की भी व्यवस्था का परीक्षण कर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सार्वजनिक उद्योगों को निजी हाथों में जाने से बचाना होगा : डॉ. महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कांग्रेस को मजबूती के साथ केन्द्र में सरकार बनाने के लिए अपना अभियान जारी रखते हुए श्रमिक संगठन सीटू के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनकी बैठक ली। देश के सभी वामपंथी दल इंडिया गंठबंधन में शामिल हैं और केन्द्र की मौजूदा सरकार के द्वारा संविधान, लोकतंत्र व सार्वजनिक उद्योगों को संकट से बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है।



डॉ. महंत ने कहा कि हर बार के चुनावों से कुछ अलग यह चुनाव निर्णायक साबित होने वाला है जो देश की दिशा और दशा को बदलेगा। पिछले 10 वर्षों में देश को मनमाने तरीके से संचालित किया जाता रहा है। बहुमत का बेजा इस्तेमाल कर निर्णय थोपे जाते रहे और जब विरोध हुआ तो सदन में विपक्ष को निलंबित कर दिया गया। इस तरह की मनमानी आगे और बढ़ने न पाए। देश के लाभकारी उद्योगों की स्थापना कांग्रेस शासन काल में हुई और लाभ वाले उद्योगों को भी भाजपा की सरकार ने चंद उद्योगपतियों के हाथों बेच दिया। आज मजदूर संगठनों के साथ-साथ मजदूर भी शोषित और पीड़ित है। भाजपा विपक्ष विहिन संसद की कल्पना कर रहा है और उसने किसानों के जीवन के लिए महत्वपूर्ण किसान बिल और 29 श्रम कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता लागू की है।

इस तरह से सरकार ने किसानों मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता को हर मौके पर प्रताड़ित करने का ही काम किया है। भाजपा की कार्पोरेटपरस्त नीतियां एवं पूंजी का असमान वितरण, सार्वजनिक उद्योगों के खात्मे का अभियान, कोयला उद्योगों पर लगातार किए जा रहे हमले, कोल इंडिया के शेयर लगातार सरकार द्वारा बेचे जाने के परिणाम भयानक होने लगे हैं। भविष्य में यह परिणाम और भी भयानक होंगे जब कार्पोरेट परस्त भाजपा की सरकार अपने इरादे में कामयाब हो जाएगी, इसलिए हम सबको मिलकर ऐसे खतरनाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने देना है और कोरबा से लेकर केन्द्र में कांग्रेस को भारी मतों से चुनकर लाना है। बैठक में उपस्थित सांसद ज्योत्सना महंत ने भी श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों से आशीर्वाद मांगा।

बैठक में वीएम मनोहर, खगेश्वर राम, सुरेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, डीपी सिंह, डीपी लहरे, जेएल चौहान, एनजे तिर्की, चेतन लाल मंडावी, केआर कश्यप, बीएल साहू, बीएल साहू, बीएस पवार, भुनेश्वर सिंह, जी.राजेश, एस राजेश पिलई, मकुंद सिंह शरडे, अनिल कुमार, लीलाम्बर शर्मा, एस सामंता, आरके सुरजे, धरमलाल टंडन, मनोहर लाल साहू, श्याम कुमार खूंटे, समीर अंसारी, मोहन प्रधान, सुनील धीवर, एम पटेल, शिव कश्यप, सहज कुमार, दिलीप कुमार वैष्णव आदि उपस्थित थे।

## मतदान केन्द्र में टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रसास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होने के लिए कहा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिन ग्रामों में दिव्यांगजन है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था होनी चाहिए। । जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल उपलब्ध रहे।

## जिसका खुद का अता न पता, वे बतायें अपना पता : ज्योत्सना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि जिसका न आगे का पता न पीछे का पता, न खुद का कुछ अता-पता है, वो अपना पता बतायें। मैं तो छत्तीसगढ़ और कोरबा की बेटी व बहू हूं और 1998 से जनता की सेवा करते आ रही हूं।**



सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान और जगह-जगह ली जा रही छोटी-छोटी सभाओं में कांग्रेस के न्यायपत्र के 5 न्याय और 25 गारंटी को प्रमुखता से रखते हुए केंद्र में कांग्रेस की सरकार चुने जाने का कारण प्रमुखता से रखा है। सांसद ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी हर पंचायत को 25 लाख रुपए देने की बात कह रही हैं, जबकि एक सांसद को मात्र 5 करोड़ रुपए साल में मिलता है तो वे कोरबा लोकसभा क्षेत्र की हजारों पंचायत को 25-25 लाख रुपए कैसे देंगी? सांसद ने कहा कि वे झूठ बोलती हैं लेकिन झूठ इतना बोलना चाहिए जो छिपाया जा सके। उनका न अता है न पता और चुनाव लड़ने कोरबा आ गई हैं। जिनका न आगे का पता है न पीछे का पता है, वो मुझे लापता कहती हैं।

सांसद ने कहा कि जनता किसी के झूठे बातों में न आए। इस लुटेरी सरकार ने जनता को लूटा है। हम मांगते हैं तो हमें देशद्रोही कहा जाता है। उनके पास गांधी परिवार को, कांग्रेस को, सोनिया गांधी को भला-बुरा कहने व गाली देने के अलावा कोई दूसरा मुद्दा नहीं है। कांग्रेस जनता के अधिकारों के लिए लड़ रही है, जनता के मुद्दों की बात करती है और संसद में इसके लिए लड़ती भी है। हम जनता के लिए हमेशा सोचते और कार्य करते हैं इसलिए कांग्रेस को इस बार कोरबा से लेकर दिल्ली तक लाना है। सांसद ने न्याय पत्र में किसानों, मजदूरों, महिलाओं व युवाओं के लिए किए गए न्याय को प्रमुखता से रखा। जनसंपर्क के दौरान सांसद का उपस्थित लोगों द्वारा आत्मीय स्वागत भी किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कोटा के सीवी रमन विश्वविद्यालय के छात्रों ने ली मतदान की शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन में लोगों की शत-प्रतिशत सहभागिता के सुनिश्चित करने में हर वर्ग अपनी भागीदारी निभा रहा है। इसी कड़ी में कोटा ब्लॉक में स्थित डॉ.सीवी रमन विश्विद्यालय में युवा छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निगम कमिश्नर अमित कुमार और स्वीप नोडल अधिकारी,जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान ने शिरकत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और मतदान से अपना योगदान देकर हम अपने देश के लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ और स्वीप के नोडल अधिकारी आरपी चौहान ने कहा कि मतदान का संदेश हर घर तक पंहुचाने में युवा भागीदार बनें। इस अवसर पर छात्रों और विश्वविद्यालय के स्टाफ को मतदाता शपथ दिलाई गई और नव मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि स्वीप के तहत लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं जिसमे हर वर्ग अपनी भूमिका निभा रहा है, और सभी को 7 मई मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### जीएसटी कमिश्नर ने अधिकारी को किया सस्पेंड

**रायपुर ( ए. )।** जीएसटी कमिश्नर रजत बंसल ने परिवहन चौकी पर वसूली की शिकायत पर स्टेट टैक्स अधिकारी को निलंबित कर दिया। इसके अलावे लापरवाही के मामले में पांच कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। जीएसटी ने निलंबन का आदेश जारी किया है, उसमें लिखा है कि कार्य मे लापरवाही और अनियमितता की शिकायत पर आयुक्त द्वारा महासमुंद के राज्य कर अधिकारी नन्द कुमार कुर्रे को निलंबित कर दिया गया है। चुनाव मे मतदाताओं को प्रभावित करने हेतु बांटे जाने वाले वस्तुओं के परिवहन की जांच के लिए ओड़ीशा राज्य की अंतरराज्यीय सीमा पर अवस्थित चेक पोस्ट पर ड्यूटी के दौरान कुर्रे द्वारा अनियमितता किए जाने की शिकायत मिली थी जिसे गंभीरता से लेते हुये प्रारम्भिक जांच पश्चात आयुक्त ने उन्हे निलंबित किया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय संभाग एक रायपुर होगा। राज्य कर आयुक्त द्वारा संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग एक एवं दो की 18 एवं 19 अप्रैल को ली गई समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्तों को भी निर्देशित किया गया कि वे भी अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखें और कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करें। संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग-एक द्वारा दो राज्य कर निरीक्षकों दीपा उधवानी तथा विमल खांडेकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार रायपुर संभाग-दो के संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ 5 अधिकारियों श्वेता चंद्राकार, सहायक आयुक्त प्रभाकर उपाध्याय राज्य कर अधिकारी, राकेश अरोरा, राज्य कर अधिकारी, प्रीति बघेल और मुकेश कश्यप सहायक ग्रेड 3 को कारण कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### युवकों के बीच विवाद, दोस्त की चाकू से गोदकर हत्या

**बिलासपुर ( ए. )।** मुंगेली जिले के पथरिया क्षेत्र स्थित ग्राम भंवर कछार में छठी कार्यक्रम के दौरान डीजे पर नाच रहे युवकों के बीच धक्का लगने को लेकर विवाद हो गया। इसी बात पर युवकों ने अपने दोस्त की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हत्या के बाद युवक फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है। उसने पूछताछ की जा रही है। पथरिया क्षेत्र के ग्राम भवंर कछार में ग्रामीण के घर छठी कार्यक्रम था। शाम को मोहल्ले के युवक आंगन में डीजे लगाकर नाच रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले दुर्गेश ध्रुव (20) को किसी ने धक्का मार दिया। धक्का लगने पर उसने युवकों को दूर होकर नाचने के लिए कहा। इसी बाद को लेकर दुर्गेश का मोहल्ले के ही युवकों से विवाद हो गया। विवाद के दौरान दुर्गेश के ही दोस्तों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से दुर्गेश को संभलने का भी मौका नहीं मिला। चाकू के हमले से लहूलुहान दुर्गेश वहीं पर गिर गया। हमले के बाद युवक वहां से भाग निकले। रिश्तेदार उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डाक्टरों ने दुर्गेश को मृत घोषित कर घटना की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मरच्यूरी भेज दिया है। पुलिस ने गांव में दबिश देकर चार युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। इसके अलावा गावं के लोगों से भी घटना की जानकारी ली जा रही है।

### लंबे समय से फरार 39 वारंटी ाकि पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़ ( ए. )।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में फरार आरोपियों एवं वारंटियों की नियमित जांच पतासाजी जारी है। इसी क्रम में 19 अप्रैल को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमों ने लंबे समय से फरार रहे 13 स्थायी और 26 गिरफ्तारी वारंट की तामिली करते हुए वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें शीघ्र न्यायालय पेश किया जावेगा। गिरफ्तार वारंटी में- चोरी, मारपीट, आबकारी व विविध अपराधों के आरोपी हैं। नियत पेशी तिथि पर कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर इनके विरूद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी/स्थायी वारंट जारी किया गया था। फरार वारंटियों पर अनुविभागवार कार्यवाही में रायगढ़ अनुविभाग के थाना कोतवाली से 2 स्थायी और 1 गिरफ्तारी वारंट, चक्रधरनगर से 3 स्थायी वारंट, जूटमिल से 4 गिरफ्तारी और 1 स्थायी वारंट, कोतरारोड़ से 8 गिरफ्तारी वारंट, 1 स्थायी वारंट तथा थाना पुसौर से 2 गिरफ्तारी वारंट कुल 22 स्थायी/गिरफ्तारी वारंटों की तामिली की गई है। वहीं पूंजीपथरा थाने द्वारा 2 स्थायी वारंट एवं थाना तमनार ने भी 1 स्थायी और 1 गिरफ्तारी वारंट की तामिली की है। खरसिया अनुविभाग में 8 फरार वारंटियों को पकड़ा गया है, जिसमें थाना छाल ने 4 गिरफ्तारी वारंट, चौकी जोबी ने 2 स्थायी वारंट और चौकी खरसिया ने 1 गिरफ्तारी और 1 स्थायी वारंट की तामिली की है।

# पीड़ितों का मोबाइल नंबर और पता नहीं होगा सार्वजनिक

## पुलिस के सिटीजन पोर्टल से हटाया, ठग करते थे इसका उपयोग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस के एप सिटीजन पोर्टल पर अब शिकायतकर्ताओं का मोबाइल नंबर और पता सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। इसके पहले शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर और पता भी सार्वजनिक किया जाता था। पुलिस को शिकायतें मिल रही थी कि लोगों से ठगी करने वाले शातिर पोर्टल से शिकायतकर्ताओं के नंबर लेकर उस पर फोन करते थे और उनसे रुपयों की उगाही करते थे। ऐसी शिकायत मिलने के बाद रायपुर पुलिस ने पुलिस मुख्यालय को इस संबंध में पत्र लिखा था। जिसके बाद अब पोर्टल पर पता और मोबाइल नंबर को गोपनीय कर दिया गया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने सीसीटीएनएस के सर्वर पर सिटीजन पोर्टल एप की शुरुआत की थी। इसमें पुलिस सहायता से जुड़े सभी प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया था। इसके साथ ही एफआइआर (फर्स्ट इंफार्मेशन रिपोर्ट) को भी पोर्टल पर सार्वजनिक किया गया था। ताकि पुलिस की प्रक्रिया में पारदर्शिता आ सके। पुलिस की इस पारदर्शिता को आनलाइन ठगी करने वाले शातिरों ने ठगी का माध्यम बना लिया था। वे एफआइआर से शिकायतकर्ताओं के नंबर लेकर उन्हें फोन करते थे और केस को खत्म करने का झांसा देकर उनसे ठगी करने की कोशिश करते थे। इस तरह की कुछ शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने पुलिस मुख्यालय को इस संबंध में पत्र लिखा था। जिस पर पुलिस मुख्यालय ने सिटीजन पोर्टल पर नजर आने वाले एफआइआर से शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नंबर और पते को गोपनीय कर दिया है।

### फोन कर मामले को सेट करने की करते बात

साइबर ठगी करने वाले शातिर किसी भी शिकायतकर्ता को फोन करते थे और बोलते थे कि वे लोग वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के कार्यालय से बोल रहे हैं। वे शिकायतकर्ताओं को धमकाते थे कि जांच में उनकी शिकायत गलत मिली है। इसलिए उनके खिलाफ अब कार्रवाई की जा रही है। इस तरह से आरोपित, शिकायतकर्ताओं से वसूली का प्रयास करते थे। वहीं आरोपित को पकड़ने के नाम पर भी प्रार्थी से पैसे लेने के लिए कहा जाता है।

### आरोपित को पकड़ने मांगे 20 हजार

गोलबाजार थाना क्षेत्र में एक माह पहले महिला ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। दो दिन बाद महिला के पास अज्ञात नंबर से फोन आया और उसने खुद को गोलबाजार थाने का स्टाफ बताया। फोन करने वाले ने महिला से कहा कि आरोपित की लोकेशन मिल गई है। वह दूसरे राज्य में है, उसको पकड़ने जाने के लिए 20 हजार रुपये की मांग की गई। हालांकि महिला ने पैसे नहीं दिए।

### वारंट जारी करने के लिए मांगा गया पैसा

कोरिया जिले के चरचा थाना क्षेत्र में एक परिवार से दुर्घटना के मामले में आरोपित की गिरफ्तारी करने के एवज में पैसे मांगे गए। क्षेत्र में पांच दिन पहले सड़क हादसे में एक महिला को गंभीर चोट आई थी। नगर सैनिक अमित राजवाड़े पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और एक्सीडेंट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला की बेटी ने चरचा थाने में एफआइआर दर्ज कराई। इसके पांच दिन बाद महिला के स्वजन के मोबाइल पर आरोपित का वारंट जारी करने के लिए 1500 रुपये मांगे गए।

### कांकेर के केस में पकड़े गए चार आरोपित

कांकेर जिले के चारामा थाना में मनीषा वर्मा, पुष्पा बाई और उत्सव जुर्री ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आरोपित पुलिस अधिकारी बनकर फोन करते थे और उनके प्रकरण में कार्रवाई व दूसरे पक्ष को जेल भेजने के नाम पर के नाम पर पैसों मांगते थे। आनलाइन प्रकरण में दिए गए प्रार्थियों के मोबाइल नंबर पर एसपी कार्यालय कांकेर के पुलिस अधिकारी बनकर उनके प्रकरण में कार्रवाई आगे बढ़ाने के नाम पर पैसे मांगते थे। आरोपियों के द्वारा मोबाइल से बात कर पैसों की मांग की जाती थी और पैसा आपस में बांट लिया जाता था। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर चार आरोपितों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया। सिटीजन पोर्टल पर आनलाइन एफआइआर देखकर कुछ शातिर ठगी करने का प्रयास कर रहे थे। इसकी जानकारी लगने पर हमने पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा था कि वे शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नंबर और पते को गोपनीय करें। मुख्यालय स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद अब एफआइआर में शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नंबर और पते को गोपनीय कर दिया गया है।

# 3 लाख 24 हजार के गांजा के साथ दो अंर्तराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**राजनादगांव ( ए. )।** राजनांदगांव पुलिस को नशे के तस्करों के खिलाफ अभियान में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने शहर की बायपास पर रोड पर दो अंतरराज्यीय तस्करों को भारी मात्रा में गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों तस्करों में से एक उडीसा और एक गुजरात का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों को उस वक्त धर दबोचा जब दोनों रोड के पास खड़े होकर बस का इंतज़ार कर रहे थे।

ज्ञात हो कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 40 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत 3 लाक 20 हजार रूपये बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मददेनजर चुनाव प्रक्रिया निर्विघ्न, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थो के बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई, कि राजनांदगांव बायपास के पास मेन रोड़ पर दो व्यक्ति गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को दबोचा। पुलिस जवानों ने जब दोनों के पास रखे थैलों की तलाशी ली तो उनमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस के हत्थे चढ़े इन आरोपियों में से एक का नाम रमेश सेठी पिता नटवर सेठी है जो गंजाम ओडिशा और दूसरा रूचिता कुमार गोड़ सूरत, गुजरात का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया है।

# IPL: होटल के कमरे को ही बना दिया ऑनलाइन सट्टा का अड्डा

## सुपेला पुलिस की रेड में पकड़ाए 7 सटोरिए



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आईपीएल शुरू होने के बाद सट्टा का बाजार भी काफी गर्म है। अवैध रूप से ऑनलाइन बेटिंग और सट्टा का संचालन भी काफी बढ़ गया है। महानगरों की तर्ज पर भिलाई शहर में ऑनलाइन सट्टा का कारोबार काफी फल-फूल रहा है। इसी कड़ी में सुपेला थाना क्षेत्र में एक होटल में कमरा किराए पर लेकर ऑनलाइन सट्टा खिलाए जाने का खुलासा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर सुपेला पुलिस ने रेड की और मौके से 7 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ 3,7 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के हैरीटेज होटल में कमरा किराए पर लेकर ऑनलाइन सट्टा का कारोबार किया जा रहा था। सुपेला पुलिस ने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश व एएसपी शहर सुखनंदन राठौर, एएसपी एसीसीयू ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में सुपेला थाने की टीम व एसीसीयू की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। पुलिस जब कमरे में पहुंची तो वहां सट्टा खिलाने के लिए सारा सामान सजा हुआ था।

सुपेला पुलिस ने मौके पर नीरज निर्मलकर, दुर्गेश माण्डे, टीकम पाल, रिषभ पटेल, राहुल चन्द्राकर, उदय सिंह राजपूत एवं चेतन निषाद को हिरासत में लिया। सभी यहां बड़े पैमाने पर रुपए का लेनदेन कर रहे थे। पुलिस ने कमरे से 18 मोबाइल फोन, 3 लैपटाप, 1 टेबलेट व 2 चार्जर कीमती 2 लाख रुपए जब्त किया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 3, 7 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, एसीसीयू की टीम एवं एएसआई दिनेश सिंह, राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक भरत यादव, आरक्षाक सुरेन्द्र पटेल, सुरेन्द्र गिरी, श्यामजी मिश्रा, सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

### यह हैं पकड़े गए सटोरिए

नीरज निर्मलकर (18) निवासी चंद्रखुरी बस स्टैण्ड के पास पुलगांव जिला-दुर्ग। दुर्गेश मार्कंडेय (20) निवासी जेवरा सिरसा पुलगांव जिला-दुर्ग। टीकम पाल (21) निवासी माना बस्ती जीनियस पब्लिक स्कूल के पास रायपुर। रिषभ पटेल (23) निवासी ग्राम सिरसहा स्कूल के पास गुण्डरदेही जिला बालोद। राहुल चन्द्राकर (22) निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला जिला-दुर्ग। उदय सिंह राजपूत (22) निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला। चेतन निषाद (22) निवासी ग्राम कोलिहापुरी पुलगांव जिला-दुर्ग गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

# सरेआम शराब पीते 13 गिरफ्तार




**रायपुर ( ए. )।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने नालंदा परिसर के पास सरेआम शराब पीते आरोपी 25 वर्ष, आजाद चौक पुलिस ने आरोपी कार्तिक ताण्डी 24 वर्ष, कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी मोह. सकील 60 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी संतोष सोनकर 36 वर्ष व राजेंद्र साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी दीप लाउत्रे 37 वर्ष व जय खरे 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार 42 वर्ष व खेमराज रात्रे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी बिकमचंद साहू 45 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र वर्मा 54 वर्ष, धनेश साहू 61 वर्ष व रामसिंह वर्मा 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## अलग अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कोणाल साहू 18 वर्ष ग्राम तेंदुआ का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपने किसी काम से अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलबी 4942 से अग्रसेन चौक आया था। जहां अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामले में बीरगांव निवासी प्रार्थी चंदू यादव 30 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएस 4006 को बीरगांव के उनिया मार्केट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर बिजली कंपनी के अकाउंट से निकाल लिए 3 करोड़ रुपये




**रायपुर ( ए. )।** चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट से तीन करोड़ रुपये निकाल लिए गए। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीनियर अकाउंटेट की शिकायत पर पुलिस तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अभी भी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार मंदार शिलेदार तथा दो अन्य की शिकायत पर पुलिस ने मेसर्स बग्स साफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक बुद्ध भगवान साहू, फाइनेंस एजेंट राजेश यादव तथा एक अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सीनियर अकाउंटेंट ने पुलिस को बताया है कि कंपनी का यूनियन बैंक में अकाउंट है। छह मार्च को बग्स साफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से तीन करोड़ रुपये भुगतान करने का मैसेज आया, जबकि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने चेक जारी नहीं किया था। इसके बाद ही बैंक से चेक क्लियरेंस होने से रुकवाया गया और जिनके नाम से चेक जारी किया गया था, उसके बारे में जानकारी जुटाई गई।

पुलिस ने बुद्ध भगवान को नोटिस जारी कर थाने तलब किया तो उसने बताया कि उसकी कंपनी घाटे में चल रही है। इसके लिए उसने फाइनेंस एजेंट राजेश से बैंक से लोन फाइनेंस कराने के लिए कहा। बैंक से फायनेंस नहीं होने पर राजेश ने एक अन्य व्यक्ति से उसकी मुलाकात करवाई। उस अन्य व्यक्ति ने डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट में करोड़ों रुपये होने की बात कही तथा बताया कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एक चेक उसके पास है। इसके बाद डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के चेक में मंदार के नकली हस्ताक्षर कर रुपये निकालने की कोशिश की।

### 7 कबाड़ी चढ़े पुलिस के हत्थे

**भाटापारा-रायपुर (ए.)।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पुलिस द्वारा भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा क्षेत्र में कबाड़ व्यापारियों के खिलाफ औचक जांच अभियान चलाया है। पूरे अभियान में 7 कबाडियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब साढ़े 3 लाख का कबाड़ जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पकड़े गए कबाडियों में मोहम्मद जावेद पिता सलीम 34 वर्ष सदर वार्ड भाटापारा शहर, मोहम्मद रफीक पिता हाजी रजक 53 निवासी सदर वार्ड भाटापारा शहर, तौफिस अली पिता अनवर अली संत रविदास वार्ड भाटापारा शहर, हरीश कुमार पिता राम कुमार 30 वर्ष निवासी शक्तिवार्ड भाटापारा शहर, हरिराम पिता रिखदेव 60 वर्श निवासी नाका नंबर 1 के पास, रामकुमार पिता सुखेलाल बंजारे 60 वर्ष भाटापारा, मोहम्मद कदीम शेख पिता मोहम्मद हनीफ30 वर्ष अजाद चौक सिमगा थाना सिमगा।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता


कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की संवीक्षा

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की संवीक्षा की। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 29 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे एवं 27 अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किए। जिनमें श्याम सुन्दर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल काँग्रेस, डा. हरिशचन्द्र साहू निर्दलीय, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना, बलदेव साहू निर्दलीय, अशोक जैन निर्दलीय, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, अरूण जोशी निदर्लीय, राकेश साहू न्यायधर्मसभा, खिलानंद जसपाल निर्दलीय, अली हुसैन सिद्दीकी निर्दलीय, दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी, डॉ. अंजु केमे एकम सनातन भारत दल, अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफइंडिया, शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, सन्तोष कुमार मारकन्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय, भागबली सिवारे निर्दलीय, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय सहित कुल 25 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए।

### 28 को कला प्रदर्शनी, 20 से ज्यादा प्रसिद्ध कलाकार होंगे शामिल

**भिलाई।** कला में जीवन को बदलने और सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति है। इसे ध्यान रखकर 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक होटल ग्रैंड ढिल्लो भिलाई में कला प्रदर्शनी आयोजित है। 20 से अधिक कलाकारों की अनेक कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आयोजक जूली और अदिति ने बताया कि कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देकर और रचनात्मकता का जश्न मनाकर कला की दुनिया में लोगों के लिए नए रोजगार को भी बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। उनका मानना है कि इस इवेंट में वे कलाकार भी मंच पर उतरें, जिन्हें कभी मंच का अवसर नहीं मिला है।

# गीत सोन बनी मिसेज इंडिया क्लासिक 2024

## महिलाओं के उत्थान के लिए करना चाहती है काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। देश में फैशन शो आयोजित करने वाली ग्लैमानंद द्वारा जी स्टूडियो जयपुर में मिसेज़ इंडिया क्लासिक 2024 का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग राज्यों की हज़ारो महिलाओं व युवतियों ने हिस्सा लिया। इसमें छतीसगढ़ का प्रतिनिधित्व भिलाई की फैशन डिजाइनिंग की छात्रा गीत सोन ने किया। इसमें कई राउंड हुई। इसमें फ़ाइनल राउंड में 20 महिलाएं पहुंची। जिसमें छत्तीसगढ़ की गीत भी शामिल थी। 16 अप्रैल को आयोजित फ़ाइनल राउंड में सभी को पछाड़कर गीत सोन मिसेज इंडिया क्लासिक 2024 की विजेता चुनी गई।



उन्हें जूरी ने मिसेज इंडिया क्लासिक के किताब से नवाजा। ग्लैमानंद मिस यूनिवर्स इंडिया, मिसेज यूनिवर्स इंडिया, सुपर मॉडल इंडिया, मिस टीन दिवा जैसे विश्व स्तरीय आयोजन कराने वाली देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था है। इसमें शामिल होनी वाली प्रतियोगियों ने 2 माह ऑनलाइन ट्रेनिंग की एवं 10 दिन जयपुर में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया। ग्रैंड फ़िनाले में नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड में गीत ने एक स्त्री के सक्षम रूप को प्रदर्शित किया। इवनिंग गाउन वॉक और प्रश्न उत्तर राउंड जिसमें गीत से पूछा गया कि 'आप जब फेल होते है तब आपके मन में क्या विचार आता है जिसमें गीत ने जवाब दिया की वो आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगी और अपने सपनों को साकार करेंगी। उनका जवाब जूरी और ऑडियंस को बहुत पसंद आया। अब वह जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

निर्णायक मंडल में निखिल आनंद अध्यक्ष ग्लैमानंद ग्रुप, राजीव के श्रीवास्तव, अर्शिना सुम्बुल मिस ग्रैंड इंडिया 2023, तनिष्का भोंसले मिस इंटरनेशनल इंडिया 2018, सोफ़िया सिंह मिस एशिया पैसिफ़िक इंडिया 2024, डॉ. अनीता हाडा कंसल्टिंग एडिटर भारत- 24, कविता चौहान फैशन एडिटर फ़र्स्ट इंडिया, मिताली दुसाद एडिटर सिटी फ़र्स्ट थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश चंद्र, निखिल आनंद रहे कार्यक्रम को होस्ट वाची पारख, सिमरन आहूजा ने किया। गीत ने जीत का श्रेय ग्लैमानंद की पूरी टीम की कड़ी मेहनत को दिया। गीत ने साबित किया कि एक गृहिणी यदि चाहे तो कितना बड़ा मुक़ाम भी पा सकती है। गीत के पति पुलिस विभाग में है जिस कारण उन्होंने एक दशक से भी ज्यादा वक्त नक्सल प्रभावित जैसे इलाके में दहशत और हिम्मत के बीच बिताया है। वह नारी शक्ति को आर्थिक, सामाजिक, व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने में विश्वास रखती है और काम करती है ।

गीत को इस प्रतियोगिता में जाने की प्रेरणा अपनी बिटिया अनुष्का सोन से मिली, जो ख़ुद



एक मॉडल है और वर्तमान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। बेटा अभय जो के एक यूट्यूबर है। उसकी ज़िद की वजह से उन्होंने इस चैलेंज को स्वीकार किया। उन्हें अपनी सास सेतु रत्नम, पिता बेनी प्रसाद, मां सुषमा, देवर विक्रांत एवं परिवार के सपोर्ट से हिम्मत मिली है। गीत आगे महिलाओं के उत्थान के लिए काम करना चाहती है। उनकी इस सफ़लता पर उनके परिवार, इष्टमित्र के साथी, रिश्तेदारों में ख़ुशी की लहर व्याप्त है। बड़ी संख्या में लोग उन्हें बधाई दे रहे है।

# निर्वाचन ऑब्जर्वरों ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एस.बी. शेट्टेनवर एवं लथकर श्रीकेश बालाजीराव (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस) एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पट्टनाशेट्टी (आईआरएस) ने संयुक्त रूप से शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी एआरओ एवं विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला भी सम्मिलित हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने निर्वाचन ऑब्जर्वरों को जिले की मूलभूत जानकारियों से अवगत कराते हुए निर्वाचन तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 320 है। क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 4, महिला प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 60 है। दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 06, युवा कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 30 एवं आदर्श मतदान केंद्रों की संख्या 30 है। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 14,21,188 है। जिसमें 7,05,874 पुरूष मतदाता, 7,15,261 महिला मतदाता एवं 53 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। 80. मतदाताओं की संख्या 4887, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8929, सेवा मतदाताओं की संख्या 1970 है। जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए समुचित प्रबंध किये जाएंगे। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्यों के लिए गठित की गई विभिन्न ईकाइयों तथा प्रशिक्षण आदि के संबंध में भी अवगत कराया।

# भिलाई में कल जेपी नड्डा की सभा, आईटीआई ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के लिए करेंगे वोट अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में होने वाले मतदान को लेकर भाजपा तेज तर्रार प्रचार में लगी है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 22 अप्रैल को भिलाई दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे आईटीआई मैदान भिलाई में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के लिए वोट अपील करते दिखेंगे। आमसभा को लेकर भिलाई जिला भाजपा द्वारा वृहद स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस संबंध में भाजपा जिला भिलाई ने बूथ स्थर पर कार्यकर्ताओं को बैठक कर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने की अपील की है।

आमसभा को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा द्वारा



प्रत्येक मंडल स्तर पर विधानसभा स्तर पर शक्ति केंद्र स्तर पर एवं बूथ स्तर पर बैठक आयोजित कर कार्यक्रम में भाग लेने का अपील की है। महेश वर्मा ने कहा कि बूथ स्तर पर लोगों में भाजपा व पीएम मोदी के प्रति भारी उत्साह है। पीएम मोदी द्वारा गरीबों को आवास देने से लेकर घर-घर शौचालय योजना को लेकर भी लोगों में अभूतपूर्व उत्साह है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि माता कौशल्या की नगरी एवं प्रभु श्री राम के ननिहाल एवं इस्पात नगरी भिलाई छत्तीसगढ़ के पावन धरा पर आगमन पर हार्दिक अभिनंदन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में आकर विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के अध्यक्ष का स्वागत करें।

आमसभा को सफल बनाने जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, महामंत्री प्रेमलाल साहू, बृजेश सिंह, उपाध्यक्ष विजय जायसवाल, योगेंद्र सिंह प्रसाद, विनोद सिंह, जिला कार्यकारिणी के संतोष मौर्य, भोजराज सिन्हा ,रमेश साहू दादर, रणजीत सिंह, रवि कश्यप राजेंद्र सिंह सहित जिले के महिला मोर्चा की स्वीटी कौशिक, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, पिछड़ा प्रकोष्ठ एवं सभी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सभी मोर्चा के अध्यक्ष ने अपने-अपने मंडल की समितियों के साथ बैठकें की हैं। वैशाली नगर विधानसभा के सुपेला मंडल रूप राम साहू, वैशाली नगर मंडल विजय शुक्ला, कैंप मंडल अशोक गुप्ता एवं भिलाई के सभी मंडलों के अध्यक्ष द्वारा अपने शक्ति केंद्र वार्ड एवं बूथ स्तर पर बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है। इसके साथ ही भिलाई नगर निगम, जामुल एवं चरोदा के पार्षद छाया पार्षदों की बैठक भी आयोजित कर जिम्मेदारी सौंपी गई। यह जानकारी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रमेश साहू दादर ने दी।

# रक्तदान शिविर, गर्भ संस्कार ज्ञान विज्ञान तथा जैन महिला मंडलों के भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति





श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भगवान महावीर के 2623 वे जन्म कल्याणक महोत्सव के सातवें दिवस आज बड़े हुए हर्ष और उल्लास के वातावरण में जिला चिकित्सालय एवं आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से महा रक्तदान शिविर का आयोजन वर्धमान जैन भवन शिवपारा दुर्ग में किया गया रक्तदान शिविर में युवक एवं युवतियो में जबरदस्त रक्तदान के प्रति उत्साह देखा गया प्रत्येक महावीर जयंती को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।

इस शिविर के सुन्दर संयोजन में डोनेट थोड़ा सा नव दृष्टि फ़ाउंडेशन एवं जयदीप ग्रुप का विशेष सहयोग रहा अभिजित पारख, रितेश जैन,राज आढ़तिया,चेतन जैन राजेश पारख सपन जैन,केशर गुप्ता भास्कर विश्वकर्मा एवं संजय जैन के प्रचार प्रसार से महा रक्तदान शिविर में अच्छी संख्या में रक्त संग्रह किया गया । इस विशाल रक्तदान शिविर में 108 युनिट रक्त वर्धमान जैन भवन आशीर्वाद ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय परिसर में जमा किया आज प्रात: 6:30से अहिंसा यात्रा निकाली गई जो गया नगर से प्रारंभ होकर बांधा तालाब दुर्ग में समापन हुआ। आज दोपहर 3:00 बजे से वर्धमान भवन दुर्ग में गर्भ संस्कार ज्ञान विज्ञान शिविर का सुंदर संयोजन श्रीमती मलय जैन के मार्गदर्शन में किया गया महिलाओं को गर्भ के समय कैसे अपने जीवन को केसे जिया जाना चाहिए कई अनेक विषयों पर रोचक ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई ।

रहन सहन,खान-पान,के विज्ञान पर सार्थक चिंतन किया गया। आज रात्रि वीर वंदना में दुर्ग जैन समाज अलग-अलग महिला मंडलों द्वारा भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति गंज मंडी प्रांगण गंजपरा दुर्ग में आयोजित होगी जिसमें लगभग 15 से अधिक मंडलों की प्रस्तुति होगी।

आज अर्धरात्रि गंज मंडी प्रांगण में भगवान महावीर की महा आरती का आयोजन होगा जिसमें जैन समाज के सभी वर्ग के लोग इस महा आरती में शामिल होंगे इस महा आरती का संयोजन यूथ क्लब के निर्देशन में हो रहा है।

## गर्मी से राहत...





**भिलाई। भीषण गर्मी में भिलाई के मैत्री बाग के जानवर भी पस्त हो गए हैं। मैत्री बाग प्रबंधन द्वारा जानवरों को गर्मी से राहत दिलाने की व्यवस्था की जा रही है। हिरण के बाड़े में पानी की बौछार के साथ ही व्हाइट टाइगर को भी पानी से नहलाया जा रहा है। वहीं सभी जानवरों के लिए भरपूर पानी की व्यवस्था की गई है।**

# महावीर जयंती पर स्वामी जी के जन्म कल्याणक पर निकली शोभायात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। शनिवार को सकल जैन समाज द्वारा जैन मिलन त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में सुबह भगवान महावीर स्वामी जी के अष्टधातु की प्रतिमा पर अभिषेक पूजन शांति धारा हुई। उसके पश्चात जैन मिलन अध्यक्ष मुकेश जैन एवम दानमल पोरवाल जी राजीव जैनको, अरविंद जैन, निर्मल कोचर, केसी जैन, कमल चंद जैन, महावीर निगोतिया, गौतमचंद जैन, एवं समाज के विशिष्ट जनों द्वारा ध्वाजारोहण किया गया।



भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक के भव्य शोभायात्रा सहित भव्य दिव्य चांदीनुमा रथ में सवार भगवान के माता पिता कुबेर बने अशोक जैन, छाया जैन, संजय शाह जैन ध्वजा लिये छोटे बालक-बालिकाओं, महिलाओं सहित अनेक गणमान्य शोभायात्रा में शामिल थे।

युवा वर्ग साफ़ा बांधे हुए भक्ति नृत्य के साथ भगवान महावीर के अहिंसा परमों धर्मा की जयकार के साथ भरी गर्मी में नगर भ्रमण किया। प्रेम भाईचारे का संदेश जैन समाज के लोगों ने दिया। शोभायात्रा की जानकारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने दिया।

शोभायात्रा के दौरान एक विशाल बैंड वाहन रैली नगर के भिलाई नगर के प्रमुख मार्गो से होते हे लगभग 10 किलोमीटर का सफ़र तय करके पुन: जैन भवन सेक्टर 6 में रैली का समापन हुआ।

इस अवसर पर वैशालीननगर के विधायक रिकेश सेन ने भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक पर वंदन करते हुए सकल जैन समाज के शोभायात्रा में शामिल हुए। भक्तों के साथ अरविंद जैन, कजोड़मल जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, निर्मल जैन, अमेरश जैन, राकेश जैन, आरके जैन, विधायक प्रतिनिधि आलोक जैन, पीयुष जैन, अजीत जैन, जीनेन्द्र जैन आदि के साथ सभी का अभिवादन करते हुए जीओ और जीने दो का जयकारा लगाया।

इस अवसर पर जैन मिलन द्वारा शानदार संगीत मय भजनों के साथ भोजन की व्यवस्था की गई एवं सभी का धन्यवाद किया गया एवं आभार व्यक्त किया। आज का पूरा कार्यक्रम शोभायात्रा बड़े ही शांतिपूर्ण एवं जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। क्षितिज जैन संजय चतुर, प्रदीप जैन बाकलीवाल, अनुपम जैन ज्ञानचंद बाकलीवाल, राजेश जैन निशांत जैन किशोर बडज़ात्या, कमलेश विनायक, संतोष जैन संजीव कासलीवाल, संजीव जैन, सचिन जैन श्रीमति नीना श्रीमती साधना श्रीमति ममता, श्रीमती पारस टाटिया, श्रीकांत, रवि जैन एवं सभी युवा साथियों एवं महिला क्लब प्रगति महिला मंडल एवं समाज का भरपूर सहयोग एवं संमजस्य बना रहा।

### भगवान महावीर का संदेश जन-जन तक पहुंचाने सकल जैन समाज की निकली वाहन रैली

**भिलाई।** सकल जैन समाज द्वारा आज सुबह साढ़े 7 बजे सेक्टर-6 से श्री 1008 भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत वाहन रैली निकाली गई जो कि रिसाली, रूआबांधा, नेहरू नगर, जुनवानी, सुपेला होते हुए वैशाली नगर से हाउसिंग बोर्ड, पावर हाऊस, सेक्टर-1 से सेक्टर-6 पहुंच कर सम्पन्न हुई। इस रैली में दिगंबर और श्वेताम्बर समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। लगभग 60 चार पहिया और तीन सौ दो पहिया वाहन पर सवार लोगों ने रैली के माध्यम से भगवान महावीर के जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमो धर्म संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। वैशाली नगर जैन मंदिर जीरो रोड शांति नगर में विधायक रिकेश सेन ने सुबह साढ़े 9 बजे वाहन रैली का अभिनंदन किया। इस दौरान अरविंद जैन, कथोड़मल जैन, किशोर जैन, क्षितिज जैन, विनोद जैन, प्रमोद जैन, हरीश जैन, आलोक जैन, अंकित जैन, प्रमेंद्र जैन, मुकेश जैन, मनोज जैन, खुश्बू जैन, मीना, प्रमिला जैन, रचिता जैन, बीना जैन, कृष्णा जैन सहित सैकड़ों की संख्या में सकल जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बस स्टैंड, होटल एवं ढाबों में आकस्मिक दबिश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आबकारी आयुक्त श्रीमति आर संगीता के निर्देश एवं कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग दुर्ग की भिलाई एवं दुर्ग नियंत्रण कक्ष की संयुक्त टीम द्वारा आगामी लोकसभा सभा निर्वाचन को ध्यान में रखकर होटल/ढाबों की जाँच तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान नेशनल हाईवे पर कुम्हारी में संचालित राजू ढाबा में अवैध रूप से मदिरापान करते पाये जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी)के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही रॉयल खालसा ढाबा, ब्रदर्स ढाबा, कान्हा ढाबा, संधु ढाबा, अपना ढाबा, पंजाब ढाबा, नवनीत ढाबा, रेलवे स्टेशन दुर्ग के समीप पायल रेस्टोरेंट, एवन ढाबा एंड रेस्टोरेंट, दुर्ग राजनंदगांव हाईवे स्थित प्रिंस ढाबा, ढाबा सीजी 07, श्री साईं ढाबा में तलाशी अभियान चलाकर ढाबा/होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि अवैध मदिरा का संव्यवहार ना हो एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 0788-2325836 पर करें। परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफ़ोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफ़ोन नम्बर 0788-2325836 पर 24×7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है तथा अपने आस-पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वाले आरोपियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950